


हिन्दी दैनिक

RNINo-UPHIN/2015/63817

# मरियम टाइम्स

लखनऊ व हरदोई से एक साथ प्रकाशित

वर्ष : 06 अंक : 277 लखनऊ, सोमवार 14 दिसम्बर 2020 पृष्ठ : 8 मूल्य : 2/– रूपया


## मेरठ में गरजे सीएम योगी आदित्यनाथ

### बोले– कुछ लोग नहीं देख सकते किसानों का विकास

एजेंसी

मेरठ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेरठ में किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि कुछ लोगों को किसानों की तरक्की नहीं देख सकते हैं। उनको परेशानी है कि वे किसान विकास क्ष्यों कर रहा है। उनके पास पैसे कैसे आ रहे हैं। ये वही लोग हैं जो किसानों को भ्रम में डालकर आंदोलन करवा रहे हैं। यहां इन्होंने 325 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात मेरठ को दी। इनके साथ मंच पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान, केंद्रीय मंत्री वीके सिंह व कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही मौजूद थे। सीएम योगी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि किसान आंदोलन के बहाने कुछ लोग उपद्रवियों को के रिहाई की मांग कर रहे हैं, उनकी यह मंशा कभी पूरी नहीं होगी। सीएम योगी आदित्यनाथ गाजियाबाद से मेरठ हेलीकॉप्टर से आए हुए थे। लेकिन मौसम खराब होने के कारण आसमान से ही वापस गाजियाबाद चले गए। वहां से फिर से मेरठ के लिए सड़क मार्ग से



सफर किया। करीब डेढ़ बजे सीएम मेरठ में पहुंचे। यहां इन्होंने सभा में मौजूद 2500 किसानों को संबोधित करते हुए विपक्ष पर कड़ा प्रहार किया। साथ ही किसानों से बताया कि मोदी सरकार ने किसानों के लिए सही कानून लागू किया है। इस कानून से किसानों की आया दोगूनी होगी। सीएम योगी ने कहा कि मेरठ में मेट्रों की मांग उठ रही थी, जिसे केंद्र सरकार की मदद से लागू किया गया है। इसमें 32 हजार करोड़ का लागत से बन रही है। अब मेरठ से दिल्ली की राह आसान हो जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि हरिद्वार से जोड़ने के लिए भी सड़क मार्ग को जोड़ा गया है। बनारस तक जाने के लिए गंगा एक्सप्रसवे का निर्माण किया जा रहा है। एक्सप्रेस वे का जिक्र करते हुए कहा कि मेरठ से दिल्ली तक जाने के लिए अब मात्र 45 मिनट ही समय लगेगा। योगी ने किसानों की सभा को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों को अवसर मिलेगा तो खेती से वो सोना उगाएंगे।

उन्होंने कहा कि पश्चिमी उत्प्तर प्रदेश के किसान कठिन मेहनत करते हैं। पर कुछ लोग इनके विकास को नहीं लेख सकते। रमाला चीनी मील का जिक्र करते हुए कहा कि 40 वर्षों से मील के विस्तार की मांग हो रही थी। भाजपा की सरकार के आने के बाद इसका विस्तार किया गया। कहा कि मोदी सरकार में किसानों के गन्ध्ना मुल्य का पाई–पाई मिलेगा। चीनी का उत्पादन प्रदेश से बड़े स्तर पर करेगें।

## अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए विशेषज्ञ समिति का गठन, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने जारी की अधिसूचना

संवाददाता

अयोध्या। रामनगरी अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट और श्रीराम मंदिर निर्माण समिति ने मंदिर निर्माण



को लेकर एक और अधिसूचना जारी करते हुए नए आठ सदस्यों की विशेषज्ञ समिति का गठन किया है। इस समिति में देश के टॉप इंजीनियरों को रखा गया है। यह समिति मंदिर निर्माण को लेकर 15 दिसंबर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। इस समिति का उद्देश्य विभिन्न भू–तकनीकी सुझावों को ध्यान में रखते हुए उच्चतम गुणवत्ता और दीर्घायु के साथ मंदिर का निर्माण करना है। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट और मंदिर निर्माण समिति ने श्रीराम मंदिर के लिए नींव डिजाइन की समीक्षा और सिफारिशों के लिए संबंधित क्षेत्र में प्रतिष्ठित इंजीनियरों की एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया है। इसका उद्देश्य विभिन्न भू–तकनीकी सुझावों को ध्यान में रखते हुए उच्चतम गुणवत्ता और दीर्घायु के साथ मंदिर का निर्माण करना है। पांच एकड़ के परकोटे में मंदिर निर्माण की तैयारियों के बीच रामजन्मभूमि परिसर को विस्तार देने की तैयारी के संकेत हैं। फिलहाल, संपूर्ण रामजन्मभूमि परिसर 70 एकड़ का है और राम मंदिर निर्माण के साथ परिसर के शेष हिस्से को वैदिक सिटी के रूप में विकसित किये जाने की योजना है। इस योजना के तहत तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट और प्रशासन के नुमाइंदे इन दिनों रामजन्मभूमि परिसर के आंतरिक क्षेत्र सहित परिसर से लगी बाहरी भूमि का भी जायजा लेने में जुटे हुए हैं। यद्यपि ट्रस्ट के प्रतिनिधि मौन साधकर अपने काम में लगे हुए हैं, पर सूत्रों के अनुसार भव्य मंदिर और परिसर के शेष हिस्से में वैदिक सिटी के अनुरूप उससे जुड़े मार्गों और भवनों को भी विकसित करने की योजना के तहत कुछ अन्य भूमि भी परिसर में शामिल की जानी है। पूर्वी सीमा पर बनेगा राम मंदिर का सिंह द्वार रू पांच एकड़ के परकोटे में प्रस्तावित राम मंदिर निर्माण के साथ रामजन्मभूमि परिसर की शेष 65 एकड़ भूमि पर भी विकास का खाका खींचा जाने लगा है। श्रीराम जन्मभूमि परिसर के मुख्य प्रवेश द्वार यानी सिंह द्वार का स्थल भी चयनित हुआ है। सिंह द्वार राम जन्मभूमि परिसर की पूर्वी सीमा पर बनेगा और यह द्वार अयोध्या–फैजाबाद के मुख्य मार्ग से जुड़ेगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट और राम मंदिर निर्माण समिति प्रस्तावित मंदिर निर्माण के साथ राम जन्मभूमि परिसर को वैदिक सिटी के रूप में विकसित करने की तैयारी में है। इसी तैयारी के अनुरूप आला अधिकारियों ने राम जन्मभूमि परिसर का निरीक्षण भी किया है।

## किसानों के प्रदर्शन के बीच अमित शाह से मिले कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और सोम प्रकाश ने गृह मंत्री



अमित शाह से उनके आवास पर मुलाकात की। जानकारी के मुताबिक नए कृषि कानूनों के विरोध में आंदोलन कर रहे किसानों द्वारा जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग–आठ को बंद करने की योजना के मद्देनजर दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी की हरियाणा से लगती सीमा पर चौकसी बढ़ा दी है। यह राजमार्ग गुरुग्राम से होकर गुजरता है। शहर की पुलिस ने शनिवार को अतिरिक्त कर्मियों की तैनाती करके और ज्यादा संख्या में कंक्रीट के अवरोधकों लगाकर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यात्रियों को असुविधा न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए गए हैं। सिंघू और टिकरी बॉर्डर समेत राष्ट्रीय राजधानी के विभिन्न बॉर्डर पर पिछले 17 दिनों से हजारों प्रदर्शनकारी जमा हैं और इस बीच किसान संगठनों ने जयपुर–दिल्ली राजमार्ग बंद करने की घोषणा की है। किसान केंद्र सरकार से कृषि कानूनों को वापस लेने की मांग कर रहे हैं।

किसान नेताओं ने शनिवार को अपनी मांगों पर कायम रहते हुए कहा कि वे सरकार से वार्ता को तैयार हैं लेकिन पहले तीन नये कृषि कानूनों को निरस्त करने पर बातचीत होगी। किसानों ने घोषणा की कि उनकी यूनियनों के प्रतिनिधि 14 दिसंबर को देशव्यापी प्रदर्शन के दौरान भूख हड़ताल पर बैठेंगे।

उन्होंने कहा कि रविवार को हजारों किसान राजस्थान के शाहजहांपुर से जयपुर–दिल्ली राजमार्ग के रास्ते सुबह 11 बजे अपने ट्रैक्टरों से 'दिल्ली चलो' मार्च शुरू करेंगे। दिल्ली यातायात पुलिस ने महत्वपूर्ण सीमाओं पर अपने कर्मियों को तैनात किया है ताकि आने–जाने वाले लोगों को कोई परेशानी नहीं हो।

## अखिलेश यादव से छात्र–छात्राओं की परेशानियों पर कार्यवाही करने का आग्रह

संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से आज बलिया जिले के राजकीय बालक–बालिका अनुसूचित जाति छात्रावास के प्रतिनिधिमण्डल ने मुलाकात कर उन्हें अपना ज्ञापन सौंपा। उनकी मांग है कि कोविद–19 के चलते 18 मार्च 2020 से बंद छात्रावास खोले जाएं। उनमें साफ सफाई के साथ आरओ प्लांट लगे तथा बालिकाओं के छात्रावास में बेड की व्यवस्था की जाए। उक्त छात्रावास के निवासी अब तक कोई कार्यवाही नहीं होने से परेशान होकर 27 नवम्बर 2020 से धरना एवं आमरण अनशन पर बैठे हैं। मिठाई लाल भारती ने भी छात्र–छात्राओं की परेशानियों का उल्लेख करते हुए उनकी मांगों पर कार्यवाही करने का आग्रह किया। अखिलेश यादव ने इस सम्बंध में उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। अनुसूचित जाति छात्रावास के प्रतिनिधिमण्डल में वेदप्रकाश, अभिषेक कुमार, राहुल कुमार, कु0 नम्रता, कु0 प्रियंका भारती, कु0 स्वर्णिमा, मनोहर भारती, किशन सचदेवा, अजय अम्बेडकर, उपेन्द्र कुमार, राजू कुमार, राकेश कुमार, ज्योतिष कुमार तथा रजनीकांत आदि शामिल थे।

## कांग्रेस अध्यक्ष अजय लल्लू ने कहा, यूपी में भय, भूख और भ्रष्टाचार की सरकार

संवाददाता

देवरिया। पथरदेवा कस्बा स्थित एसएसजी एकेडमी में कांग्रेस पार्टी के न्याय पंचायत संगठन सृजन अभियान के तहत आयोजित बैठक में प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने केंद्र व प्रदेश सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रदेश व केंद्र में भय, भूख और भ्रष्टाचार की सरकार है। किसान अपने खिलाफ बने कृषि कानून को समाप्त करने के लिए आंदोलनरत हैं लेकिन सरकार कारपोरेट घरानों को लाभ पहुंचाने के लिए किसानों के साथ धोखा कर रही है। कांग्रेस किसानों के हक की लड़ाई लड़ने के लिए हर स्तर पर तैयार है। उन्होंने कहा कि सरकार कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ जितना भी जुल्म करे हम टूटने वाले नहीं हैं। इस सरकार को आम जनमानस का कोई फिक्र नहीं है। किसानों के साथ हो रहे अत्याचार की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक लड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि देश को गुमराह करने के लिए भारतीय जनता पार्टी अनेक प्रकार के कुचक्र रच रही है, लेकिन जनता अब बीजेपी की बांटने वाली नीतियों से आजिज आ चुकी है। पार्टी में सिर्फ दिखावे के लिए पद की चाहत रखने वाले कार्यकर्ताओं की कोई जगह नहीं है। जन सरोकार के मुद्दों से जुड़े रहने वाले और जनसेवा करने वाले कार्यकर्ताओं को पार्टी में उचित सम्मान मिलेगा। अब जिला, विधान सभा, ब्लॉक व न्याय पंचायत स्तर पर मजबूत संगठन खड़ा किया जाएगा। यह संगठन बूथ स्तर तक काम करेगा। उन्होंने कहा कि हर मोर्चे पर प्रदेश सरकार पूरी तरह से विफल साबित हुई है और उसे उखाड़ फेंकने के लिए मजबूत विकल्प की तलाश है। आप सभी अपने आचरण से और संघर्षों से जनता को भरोसा दिलाएं कि आज की कांग्रेस पार्टी एक ऊर्जावान पार्टी है और उनके लिए बेहतर विकल्प है। 15 जनवरी तक प्रत्येक न्याय पंचायत में अध्यक्ष का चुनाव हो जाना है। दो महीनों के लिए आप सभी नेता नही कार्यकर्ता बन जाईए और बूथ गांव घर घर जाकर गरीब मजबूर की आवाज बनिए। पार्टी की उपलब्धियों को लोगो को बताना



है। बैठक को युवा कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव चंद्र यादव, प्रदेश महासचिव विश्वविजय सिंह, सुयश मणि, जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, आनंदेश्वर प्रताप सिंह, कौशल तिवारी, मुकुंद भाष्कर मणि, प्रमोद पांडेय, दिनेश गुप्ता, दीनानाथ भारती, दयाशंकर दुबे, भरत मणि, खालिद सिद्ध्दीकी प्रमुख रुप से मौजूद रहे।

## भाजपा लोगों को बहकाने और छलने में पारंगत : अखिलेश यादव

संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि देश का किसान आंदोलित है। भारत सरकार उनके मन की बात सुनने के बजाय उन पर अपनी बात थोपने में लगी है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में बहुमत का रोडरोलर चलाकर अन्नदाता समुदाय की आवाज को कुचलने का कोई भी प्रयास उचित नहीं ठहराया जा सकता है। किसान अपने हित अनहित को समझकर अगर सरकार के कृषि विधेयकों के खिलाफ राय दे रहा है तो उसकी मांगे माने जाने में क्या दिक्कत हो सकती है? यह तो सभी मानते हैं कि भारत एक कृषि प्रधान देश है। अहंकारी भाजपा याद रखे यहां 'प्रधान' शब्द तक 'कृषि' के बाद आता है। सत्ताधारी न भूलें कि हमारे देश में किसान ही प्रथम है और प्राथमिक भी। किसान अपना हक मांग रहे है, वे दृढ़ निश्चयी हैं कि वे इसे लेकर रहेंगे। न्यूनतम समर्थन मूल्य और मण्डी समितियों के अस्तित्व को लेकर सरकार और किसान संगठनों के बीच मतभेद है। सरकार से किसान तीनों



कृषि विधयेक वापस लेने की मांग कर रहे हैं। कानून की वापसी का यह कोई पहला मामला नहीं है, पहले के भी ऐसे उदाहरण हैं। अतः भाजपा नेतृत्व की इस सम्बंध में हठधर्मी समझ में नहीं आती है। अगर इसे प्रतिष्ठा का प्रश्न बनाया जा रहा है तो यही कहा जा सकता है कि भाजपा का रवैया किसान विरोधी है। उसकी नीयत किसानों की भलाई करने की नहीं, पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने की है। भाजपा लोगों को बहकाने और छलने में पारंगत है। किसानों को इसीलिए आतंकवादी, नक्सलवादी भी बताया जा रहा है। सच्चाई यह है कि किसान एकजुट हैं, उनका आंदोलन बढ़ता ही जा रहा है। इसमें किसान परिवारों के बूढ़े–बच्चे–महिलाएं तक शामिल हैं जो इस ठण्ड के मौसम में आज 18वें दिन भी आंदोलनरत है। कई किसानों की शहादत भी हो चुकी है। समाजवादी पार्टी किसानों की मांगो का समर्थन करती है। उसकी सहानुभूति किसानों के साथ है। समाजवादी पार्टी की 7 दिसम्बर 2020 से किसान यात्राएं चल रही है और 14 दिसम्बर 2020 को वह किसानों के समर्थन में धरना भी देगी।

### शायराना अंदाज में अखिलेश यादव ने बीजेपी को घेरा, कहा नहीं चाहिए भाजपा

संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शायराना अंदाज में बीजेपी सरकार पर हमला बोला है। नहीं चाहिए भाजपा हैशटैग से ट्वीट करते हुए सपा प्रमुख ने कहा, अमीरों के चारण बनकर, जो बैठे हैं दरबारों में। झूठ फैलाने निकले वो गांव, गली, चौपालों में। इससे पहले भारत एक और ट्वीट में अखिलेश यादव ने सरकार पर तंज कसते हुए कहा था कि भारत एक कृषि प्रधान देश है। अहंकारी भारतीय जनता पार्टी याद रखे, यहां प्रधान शब्द तक कृषि के बाद आता है। सत्ताधारी न भूलें हमारे देश में किसान ही प्रथम है और प्राथमिक भी। किसान अपना हक लेकर रहेंगे! इससे पहले कन्नौज में होने वाली किसान यात्रा से पहले ही अखिलेश यादव को पुलिस ने लखनऊ में धारा–144 के उल्लंघन मामले में गिरफ्तार किया था।

## पाकिस्तान से लौटी गीता खोज रही बिछड़ा परिवार,

### महाराष्ट्र और तेलंगाना में जारी तलाश

एजेंसी

इंदौर। गीता बोल और सुन नहीं सकती। लेकिन तत्कालीन विदेश मंत्री सुषमा स्वराज के विशेष प्रयासों के कारण 2015 में पाकिस्तान से भारतीय मातृभूमि पर लौटने के बाद उसकी आंखें अपने परिवार को लगातार तलाश रही हैं जो उससे लगभग 20 साल पहले बिछड़ गया था। बहुचर्चित घटनाक्रम में स्वदेश वापसी के पांच साल गुजर जाने के बाद भी मूक–बधिर युवती ने हालांकि उम्मीद नहीं छोड़ी है। अब वह महाराष्ट्र और इससे सटे तेलंगाना में अपने बिछड़े परिवार को खोजने निकल पड़ी है। अधिकारियों ने बताया कि दिव्यांगों की मदद के लिये इंदौर में चलाई जा रही आनंद सर्विस सोसायटी गीता की देख–रेख कर रही है। मध्यप्रदेश के सामाजिक न्याय एवं निरूशक्त जन कल्याण विभाग द्वारा इस गैर सरकारी संगठन को मूक–बधिर युवती के बिछड़े परिवार की खोज का जिम्मा भी सौंपा गया है। संगठन के सांकेतिक विशेषज्ञ ज्ञानेंद्र पुरोहित गीता के परिवार की खोज के लिए रविवार से शुरू हुई यात्रा में इस मूक–बधिर युवती के साथ हैं। उन्होंने पीटीआई– को बताया, फिलहाल हम महाराष्ट्र के मराठवाड़ा अंचल में हैं। अगले सात दिनों तक हम मराठवाड़ा और तेलंगाना के सीमावर्ती इलाकों में गीता के बिछड़े परिवार को ढूंढ़ने की कोशिश करेंगे। पुरोहित ने बताया कि इशारों की जुबान में गीता से कई दौर की बातचीत के दौरान



संकेत मिले हैं कि उसका मूल निवास स्थान मराठवाड़ा और तेलंगाना के सीमावर्ती इलाकों में हो सकता है जहां वह लगभग दो दशक पहले अपने परिवार से बिछड़ कर रेल से पाकिस्तान पहुंच गई थी। महाराष्ट्र पुलिस भी गीता के परिवार की खोज में उसकी मदद कर रही है। औरंगाबाद पुलिस की महिला शाखा में तैनात वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक किरण पाटिल ने फोन पर बताया, हम औरंगाबाद और इसके आस–पास के इलाकों में गुजरे 20 साल के दौरान लापता मूक–बधिर बच्चों का रिकॉर्ड खंगाल रहे हैं। हो सकता है कि हमें गीता के बिछड़े परिवार के बारे में कोई अहम सुराग मिल जाए। अधिकारियों ने बताया कि गीता की नाक दांई ओर छिदी है और मूक–बधिर युवती के मुताबिक उसके पैतृक गांव में गन्ना, चावल और मूंगफली की खेती होती है। वह तेलुगु फिल्मों के मशहूर नायक महेश बाबू की जबर्दस्त प्रशंसक है और इशारों की जुबान में उसका कहना है कि उसके घर में इडली–डोसा जैसे दक्षिण भारतीय व्यंजन पकते थे। बचपन की धुंधली यादों के आधार पर उसका यह भी कहना है कि उसके गांव के पास एक रेलवे स्टेशन था और गांव में नदी के तट के पास देवी का मंदिर था। अधिकारियों ने बताया कि गुजरे पांच साल में देश के अलग–अलग इलाकों के करीब 20 परिवार गीता को अपनी लापता बेटी बता चुके हैं। लेकिन सरकार की जांच में इनमें से किसी भी परिवार का मूक–बधिर युवती पर दावा साबित नहीं हो सका है। उन्होंने बताया कि फिलहाल गीता की उम्र 30 साल के आस–पास आंकी जाती है। वह बचपन में गलती से रेल में सवार होकर सीमा लांघने के कारण करीब 20 साल पहले पाकिस्तान पहुंच गयी थी। पाकिस्तानी रेंजर्स ने गीता को लाहौर रेलवे स्टेशन पर समझौता एक्सप्रेस में अकेले बैठा हुआ पाया था। उस समय उसकी उम्र आठ साल के आस–पास रही होगी। मूक–बधिर लड़की को पाकिस्तान की सामाजिक संस्था ईधी फाउंडेशन की बिलकिस ईधी ने गोद लिया और अपने साथ कराची में रखा था।

# सम्पादकीय

## तिब्बत में खतरनाक चीनी मंसूबों का बांध

दक्षिण-पश्चिम तिब्बत में बहने वाली यरलुंग त्संगपो नदी सबसे महत्वपूर्ण नदियों में से एक है, दक्षिणी तिब्बत की कोंगपो घाटियों से गुजरते हुए यह दरिया अपने किनारों की उर्वरता से आबादी को जिंदगी प्रदान करता है। भारत-बांग्लादेश में दाखिल होने पर यह 'ब्रह्मपुत्र' के नाम से जानी जाती है। यहां भी यह करोड़ों लोगों की रोजमर्रा की रोजी-रोटी का सहारा है। लेकिन इस ताकतवर नदी के बहाव को अब तिब्बत में बनने जा रहे विशाल बांध से खतरा हो गया है। ग्लोबल टाइम्स में 29 नवम्बर 2020 को छपे लेख के अनुसार चीनी सरकार ने 14वीं पंचवर्षीय योजना (2021-25) के दौरान यरलुंग त्संगपो पर सुपर हाइड्रोपॉवर डैम बनाने की योजना बनाई है। इस खबर का दावा है कि यह पनबिजली परियोजना पर्यावरण, राष्ट्रीय सुरक्षा, लोगों के जीवनस्तर और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग सुधारने में अर्थपूर्ण होगी। जबकि हकीकत में, यरलुंग त्संगपो पर पहले से चल रही अनेकानेक बांध परियोजनाएं न तो पर्यावरण-हितैषी हैं, न ही स्थानीय लोगों के लिए फायदेमंद। वस्तुतः यह योजना कोंगपो क्षेत्र में भारी संख्या में चीनी प्रवासियों को स्थायी रूप से बसाने की प्रशासन की दीर्घकालीन योजना की तैयारी है। इस किस्म की परियोजना से क्षेत्रीय पर्यावरण को स्थायी नुकसान होना अवश्यंभावी है, मूल तिब्बती लोगों की संख्या घटने से उनकी पहचान कमजोर पड़ेगी और साथ ही समूचे उत्तर-पूर्वी भारत के जलवायु संतुलन को बिगाड़ डालेगी। 1960 के दशक की सोच के बनिस्पत अब विशालकाय पनबिजली बांध परियोजनाओं को पर्यावरण-मित्र और सतत फायदेमंद नहीं गिना जाता। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में 1930 के दशक के बाद बने बांधों में 90 प्रतिशत से ज्यादा उम्मीद से कहीं ज्यादा महंगे सिद्ध हुए हैं, और इन बांधों ने नदी जनित पर्यावरण को नुकसान पहुंचाया है, लाखों लोगों को अपने घर-बार छोड़ने पड़े हैं। नेचर पत्रिका के अप्रैल 2018 के अंक के मुताबिक यकला जी येल्तेस बांध तोड़ने वाली कार्रवाई को पर्यावरणविदों ने यूरोप में नदी-बहाली में मील का पत्थर बताकर लाघा की है। 'अमेरिकन रिवर्स' नामक पत्रिका में 6 फरवरी 2020 को छपी रिपोर्ट के मुताबिक अकेले वर्ष 2019 में नदी-बहाली की खातिर संयुक्त राष्ट्र अमेरिका ने 90 बांध हटा दिए हैं। लेकिन तिब्बत में चीनी सरकार ने कई सालों से यरलुंग त्संगपो नदी के ल्होखा से नईंगत्री के बीच 1600 किमी. लंबे हिस्से पर कई बांध बनाने का सिलसिला चला रखा है, जबकि यह क्षेत्र दुनिया के सबसे पुराने वन क्षेत्रों में गिना जाता है और बहुत सारी पुरातन प्रजातियों का निवास स्थान है। तथ्य यह है कि वर्ष 2015 में चीनी वैज्ञानिकों के दल ने कोंगपो के मेतोक वन में अत्यंत दुर्लभ और बहुत पुराने काल से चली आ रही मकैक बंदर की प्रजाति खोजी थी, अब इसी जगह पर प्रस्तावित सुपर बांध बनना है। जबकि कोंगपो इलाके को खुद चीनी वैज्ञानिक 'प्रकृति का पुरातन संग्रहालय' करार दे चुके हैं। चीन ने इस नदी पर काफी पहले से 11 बांधा बनाने का काम शुरू कर रखा है। झांगमू और ग्यात्सा के बांधा पहले ही बन चुके हैं, दागू और जेइक्सू के निर्माणाधीन हैं। लेंगडा पर बनने वाले बांध को हाल ही में अनुमति मिली है और बाकियों पर काम 14वीं पंचवर्षीय योजना में जल्द शुरू होने को है। विशालकाय बांधों से जाहिर है कि आसपास का बहुत बड़ा इलाका जल संग्रहण हेतु जलमग्न हो जाता है, जिससे बड़े पैमाने पर वनस्पति और वन्य जीवों का निवास स्थान खत्म हो जाता है। दक्षिण तिब्बत के कोंगपो इलाके में बांध निर्माण करना तो सरकारी नीति के तहत बुनियादी ढांचा विकास योजना का एक हिस्सा भर है। इसके पीछे एक अन्य मकसद है, इस विरल आबादी वाले क्षेत्र में बड़े पैमाने पर चीनी लोगों को बसाना। हालिया वर्षों में 5,476 किमी. लंबे राष्ट्रीय राजमार्ग-318 का स्तर तेजी से सुधारा गया है, यह मार्ग सुदूर चीनी शहरों जैसे कि शंघाई तक जाता है, साथ ही चेंग्दू और नईंगत्री को भी आपस में जोड़ता है। बहुचर्चित चेंग्दू-नईंगत्री-ल्हासा रेलवे लाइन (1629 किमी.) एक बार पूरी होने पर इस क्षेत्र में बाहरी लोग बड़ी संख्या में आ बसेंगे। पेड़ों की अनुपस्थिति और सख्त मौसम ऐसे मुख्य कारण थे, जिनकी वजह से चीनी सरकार द्वारा बड़े प्रलोभन दिए जाने के बावजूद चीनी लोग स्थायी तौर पर तिब्बत के कुछ अंदरूनी भागों में बसने को इच्छुक नहीं हो पाए। परंतु कोंगपो क्षेत्र अपनी खुशनुमा ठंड और घने वन-वनस्पति की वजह से भारी संख्या में आप्रवासियों को बसाने के लिए आदर्श है। वैसे तो भारत-तिब्बत सीमांत क्षेत्र में बनने वाली प्रत्येक चीनी बुनियादी ढांचा परियोजना वस्तुतः भारत की सीमा सुरक्षा के लिए नया खतरा है लेकिन मेतोक में विशाल बांध बनने का मतलब है अरुणाचल प्रदेश और असम तक खतरा पैदा हो जाना। भारत की सीमा के पास स्थित होने का अर्थ है बांध से अचानक पानी छोड़ने की सूरत में यह तुरंत और पूरे वेग से भारत में दाखिल हो जाएगा और लोगों को संभलने या समय रहते बच निकलने का मौका तक नहीं मिलेगा। इस नदी पर बांधों के बनने का मतलब है भारत के लिए भविष्य में दोहरी मुसीबत दृ सर्दियों में ब्रह्मपुत्र में पानी की भारी किल्लत होना क्योंकि विशाल बांध गैर-मानसून मौसम में ज्यादातर पानी अपने में समा लेगा और गर्मियों एवं बारिशों में फालतू पानी छोड़े जाने से अचानक भारी बाढ़ पैदा करेगा। लेखक ने वर्ष 2018 में चेता दिया था कि दक्षिण तिब्बत क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के विकास का मतलब है क्षेत्र में अधिकाधिक चीनी प्रवासियों का स्थायी बसेरे हेतु आगमन होना, जिसका एक मकसद भारत से बनने वाली संभावित सैन्य चुनौती का तोड़ बनाना भी है। बांधों के बारे में सर्वविदित है कि वे नदियों के प्राकृतिक बहाव को बदल डालते हैं और इनके किनारे बसने वाले और इसके माध्यम से रोजी-रोटी चलाने वाले लाखों-करोड़ों लोगों की जिंदगी में खलल पैदा हो जाता है। मेतोक के विशाल दर्रों से बहने वाली यरलुंग त्संगपो (ब्रह्मपुत्र) नदी के घुमावदार हिस्से पर यदि चीनी सरकार ने बांध बनाने को हरी झंडी दे दी तो यह काम भारत और बांग्लादेश के करोड़ों लोगों के जनजीवन पर भयावह असर डालने वाला सिद्ध होगा। इसलिए उक्त विशालकाय बुनियादी ढांचा विकास परियोजना पर भारी चीनी निवेश दरअसल चीन द्वारा शुरू की गई दीर्घकालीन योजना है, जिसके तहत कोंगपो क्षेत्र में चीनी मूल के लोगों का उस क्षेत्र में भारी प्रवास करवाना है, जिसकी लंबी सीमा भारत के साथ लगती है। इस किस्म की सामरिक योजना तिब्बती लोगों के विद्रोह और भारत से दरपेश सैन्य चुनौती को निपटने के दोहरे उद्देश्य से भी है क्योंकि इस इलाके में चीनी-बहुल जनसंख्या होने का अर्थ है वहां तैनात पीपुल्स लिबरेशन आर्मी को बहु-आवश्यक जनसमर्थन का जुगाड़ होना, जो कि फिलहाल नदारद है।

## नई दिल्ली में ब्रांड गौहर आजाद एक्सीलेंस अवार्ड 20-20 सीजन 2 का हुआ आयोजन

### ''विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिष्ठित लोग हुए सम्मानित







नई दिल्ली! नई दिल्ली के टूट सराय मालवीय नगर में ब्रांड गौहर आजाद एक्सीलेंस अवार्ड 2020 सीजन 2 का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट व उल्लेखनीय कार्य करने वाले प्रतिष्ठित लोगों को अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। केंद्रीय खाद्य एवं उपभोक्ता सलाहकार समिति भारत सरकार के सदस्य जावेद फारूकी ने अवार्ड देकर प्रतिष्ठित लोगों को सम्मानित किया। अवार्ड पाने वालों में नई दिल्ली ईओडब्ल्यू (क्राइम) के असिस्टेंट कमिश्नर वीरेंद्र सजवान, साइबर क्राइम के इंस्पेक्टर मनोज कुमार ,एसीपी मनोज कुमार ,एसएचओ मालवीय नगर युद्धवीर सिंह ,भगवान दास (के एएमसी ) शिक्षा एवं प्रेस से जुड़े शौकत अली ,चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले डॉक्टर सुशील माथुर व डॉक्टर रेहान मदार। डॉक्टर राहुल (एनडीएमसी) डॉक्टर शमीम व्यास (एएमसी) व राजेंद्र कुमार (आर पी एल लैब) सामाजिक कार्यकर्ता मुस्तफा सैफी, भी शामिल है। उक्त अवसर पर अपने संबोधन में जावेद फारुकी ने कहा कि समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट व उल्लेखनीय कार्य करने वाले अन्य प्रतिष्ठित लोगों को भी निकट भविष्य में सम्मानित किया जाता रहेगा।

## किसानों के साथ हर समय समाजवादी पार्टी-मुकुल

### 14 दिसंबर को किसानों की आवाज बनकर उतरेंगे समाजवादी- मुकुल




हरदोई। समाजवादी पार्टी छात्र सभा के निवर्तमान राष्ट्रीय सचिव मुकुल सिंह आशा ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव जी के आवाहन पर आज भाजपा सरकार की कृषि नीतियों के विरोध और किसानों द्वारा किए जा रहे आंदोलन के समर्थन में किसानों की आय बढ़ाओ और खेती किसानी बचाओ की मांग को लेकर कई गांवों में पदयात्रा की।

सपा नेता मुकुल सिंह आशा कई गांव में जाकर किसानों, जनता को किसानों के मुद्दों को लेकर जागरूक किया। सपा नेता मुकुल सिंह आशा ने कहा कि देश के अन्नदाता के संघर्ष में हम सब उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। किसानों की हर संभव मदद के लिए समाजवादी लोग तत्पर हैं। भाजपा सरकार द्वारा किसानों को लगातार परेशान किया जा रहा है उन पर लाठी, गोलियां, आंसू गैस और पानी की बौछार से उनको प्रताड़ित किया जा रहा है साथ ही उन पर मुकदमे भी दर्ज भाजपा सरकार करा रही है। एक तरफ किसान बदहाल है वहीं भाजपा की सरकार खुशहाल है। किसानो की हक की लड़ाई को लेकर 14 दिसंबर को सभी जनपदों में अहिंसात्मक धरना किया जाएगा। सभी समाजवादी साथी धरने में पहुंचकर किसानों की आवाज को बुलंद करें।

## उत्तर प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को दिया गया गॉड आफ आनर

शिवम सिंह , नवाबगंज (उन्नाव)

उत्तर प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा विधानसभा मतदाता सूची पुनरीक्षण के संक्षिप्त निरीक्षण की तैयारी समीक्षा बैठक का जायजा लेने आये उत्तर प्रदेश के मुख्य चुनाव आयुक्त अजय कुमार शुक्ला ने जनपद के प्रशासनिक अधिकारियों साथ नवाबगंज वन विभाग के डाक बंगले पर समीक्षा बैठक ली। बैठक में डीएम रविन्द्र कुमार व एसपी आनंद कुलकर्णी सहित समस्त प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

पत्रकारो से वार्ता करते हुये उन्होंने बैठक के बारे में चर्चा की।

उन्होंने 9 स्थलों के निरीक्षण की बात कहते हुये कहा कि इस बैठक में खास निर्देश दिये गये है कि मतदाता सूची में किसी का भी नाम न छूटने पाये जिसको लेकर अधिकारियों को यह निर्देशित किया गया है कि जो मतदाता 1 जनवरी 2018 से 1 जनवरी 2021 को वयस्क हो हुये है और उनका नाम किन्ही कारणों से मतदाता सूची में छूट गया हैं।

उनके नाम बढ़ाने हेतु डोर टू डोर सर्वे करके दिव्यांग, महिलाएं पुरुष आदि के नाम मतदाता सूची में सम्लित किये जायें साथ ही जिन लोगो के कई कई जगह नाम दर्ज है उनका पूरा विवरण तैयार कर एक जगह ही नाम दर्ज किये जायेंगे। इस दौरान जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार पुलिस अधीक्षक आनंद कुलकर्णी एडीएम राकेश सिंह सहित समस्त प्रशासनिक अमला मौजूद रहा।



## छात्रों की बस को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना





(कछौना हरदोई ) शिक्षा व्यक्ति समाज वह देश के निर्माण व विकास में अहम भूमिका निभाती है। सरकार शिक्षा में गुणवत्ता लाने के लिए शत-शत प्रयासरत है। ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा में काफी सुधार लाने की महती आवश्यकता है। आर्थिक स्थिति मजबूत न होने के कारण काफी बच्चों की पढ़ाई बीच में ही छूट जाती है बीच में पढ़ाई ना छूटे इसके लिए छात्रों को हौसला आफजाई के लिए राष्ट्रीय आय आधारित योग्यता परीक्षा छात्रवृत्ति योजना की शुरुआत की गई जिसमें छात्रों को वित्तीय सहायता प्राप्त हो सके। इस योजना के तहत विकासखंड कछौना में 140 छात्रों ने आवेदन किया जिनकी परीक्षा हेतु खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार बोस ने दो बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता के अभाव में पूरे जिले में लक्ष्य के अनुरूप मात्र 279 आवेदन भरे गए खंड शिक्षा अधिकारी के अथक प्रयास व शिक्षकों के सहयोग से विकासखंड कछौना में सबसे ज्यादा 156 आवेदन भरे गए परीक्षा दिलाने के लिए नवनिर्वाचित विधान परिषद सदस्य इंजीनियर अवनीश कुमार जी ने उपलब्ध कराई इंजीनियर अवनीश कुमार ने गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। इस योजना में सफल छात्रों को माध्यमिक शिक्षा के लिए प्रतिमाह ঘ1000 की छात्रवृत्ति उपलब्ध कराई जाती है। जिससे छात्र आगे की पढ़ाई से वंचित न रह सके तथा आगे की शिक्षा जारी रखने के लिए प्रेरित रह सके।

## आद्या व वान्या ने जीता किड्स सीनियर व लड़कियों के जूनियर वर्ग का फोटोजेनिक खिताब

अंतर्ध्वनि जन कल्याण समिति के तत्वावधान में मिस एंड मिस्टर फोटोजेनिक ऑनलाइन -सीजन 2 प्रतियोगिता के 2 और वर्गों का परिणाम घोषित हुआ है, जिसमें कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद विजेताओं की घोषणा हुई।

प्रतियोगिता के आयोजक कुलदीप द्विवेदी ने बताया कि 6 वर्गों में आयोजित प्रतियोगिता में 6 साल से 10 साल तक के बच्चों के वर्ग में कड़ी प्रतिस्पर्धा के मध्य लखनऊ की आद्या मिश्रा को प्रथम, हरदोई की कौशिकी सिंह को द्वितीय व सीतापुर की रीत मेहरोत्रा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। धृति महाजन व आराध्या मेहरोत्रा को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। 11 से 15 वर्ष की जूनियर बालिका वर्ग में लखनऊ की वान्या भार्गव प्रथम, हरदोई की अरहमा किरमानी द्वितीय व हरदोई की ही सृष्टि गुप्ता को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। दिव्या सिंह, लावन्या जायसवाल व प्रभप्रीत कौर को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। निर्णय मिसेज इंटरनेशनल 2019 शिल्पी अवस्थी, मिसेज इंडिया अर्थ 2018 डॉ पूजा त्रिपाठी पांडेय व सीनियर एडिटर रंजना त्रिपाठी ने दिया।

कार्यक्रम का संयोजन आयुषी अस्थाना, साक्षी वर्मा, शिवानी मिश्रा व पलक शर्मा कर रही हैं। सहयोगियों के तौर पर कृष्णा शर्मा, अमित गुप्ता, शिवम कपूर, दीपक कपूर, अनुराधा मिश्रा, लीला पाठक, हरप्रीत कौर, अखिलेश गुप्ता, रविकिशोर गुप्ता, अश्वनी गुप्ता, महेंद्र श्रीवास्तव व श्रेय मिश्रा हैं।



## प्रेमी ही निकला प्रेमिका का हत्यारा शादी से मना करने पर उतारा मौत के घाट

### 'पूरा मामला नगर पंचायत फत्तेहपुर-84 का

शिवम सिंह उन्नाव

उन्नाव। नाबालिग लड़की की गला दबाकर हत्या, कमरे में मिली लाश और दिवंगत लड़की के मोबाइल मिलने के बाद पुलिस को आसानी हो गई कातिल तक पहुंचने में। कटरी क्षेत्र स्थित काजीपुर कच्छ गांव में रहने वाले मन्नू शर्मा की सोलह वर्षीय बेटी लक्ष्मी गुरुवार की रात अपने घर में अकेले थीं। मां टाड़ा सातन गांव में एक बर्थडे पार्टी में शामिल होने के लिए गई हुई थी। पिता मवेशियों के बांधने की जगह पर रहे थे। पुलिस ने मोबाइल सै मिले सुराग के आधार पर थाना क्षेत्र के गांव रणधीर खेड़ा निवासी राहुल पुत्र मनोज को लवानी चौराहे पर पकड लिया। पुछताछ में मनोज ने बताया लड़की का और उसके परिवार से अच्छे ताल्लुक थे। लडकी को पेपर दिलवाने वो लै जाता था इसी बीच लडकी से नजदीकियां काफी ज्यादा बढ़ गई। और एक दूसरे से प्यार हो गया। लडके ने बताया की होली में एक दूसरे को रंग लगा कर शादी भी कर ली। उसके और किशोरी की अलग अलग जाति होने से घर वाले शादी के पक्ष में नही थे। इस बात को लेकर दोनों में अनबन हो गई एक दूसरे से मिलना बन्द हो गया। लडकी के अकेले घर में होने की जानकारी होने पर वह उसके घर पहुंचा। जैसे ही लडकी ने शोर मचाने का प्रयास किया तो लडके ने गमछे से उसका मुंह दबाते हुये गला दबा दिया जिससे लडकी की मौके पर ही मौत हो गई घटना को अंजाम देकर वह वहां से भाग निकला। फत्तेहपुर-84 एसओ ने बताया कि मृतका का फोन और युवक का फोन और बाईक बरामद की गई है पुलिस ने घटना का खुलासा 24 घन्टे के अन्दर ही कर दिया।






# घने कोहरे में ट्रक से टकराई कार, ससुर-दामाद की मौत

संवाददाता
सुल्तानपुर। शादी समारोह से लौटते समय घने कोहरे के बीच तेज रफ्तार कार एक ट्रक से टकरा गई। हादसे में कार पर सवार चार लोगों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने ससुर और दामाद को मृत घोषित कर दिया। बेटी को गंभीर हालत में ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया है। अमेठी जिले के पीपरपुर निवासी गंगाराम कसौंधन (60) शुक्रवार को अपने बेटे राकेश (40), दामाद देव प्रकाश (38) पुत्र राम तीरथ निवासी मिश्रौली थाना गोसाईगंज जिला सुल्तानपुर, बेटी वंदना (37) पत्नी देव प्रकाश के साथ एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए अयोध्या गए थे।
शनिवार सुबह शादी में शामिल होने के बाद सभी कार से घर लौट रहे थे। रास्ते में घना कोहरा था। कार अयोध्या प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित गुप्तारगंज बाजार में पहुंची थी कि तेज रफ्तार ट्रक से कार की भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में कार के परखच्चे उड़ गए। चीख–पुकार के पहुंचे स्थानीय लोगों ने कार में फंसे सभी लोगों को निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने गंगाराम कसौंधन और देव प्रकाश को मृत घोषित कर दिया जबकि वंदना की नाजुक हालत को देखते हुए उसे ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। कोतवाली नगर पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। सड़क हादसे की सूचना गुप्तारगंज बाजार के लोगों ने कूरेभार थानाध्यक्ष के सीयूजी नंबर पर दी, लेकिन नंबर नॉट रिचेबल बताता रहा। इसके बाद लोगों ने इसकी सूचना थाने के नंबर पर दी। सूचना के बाद भी पुलिस मौके पर नहीं पहुंची।

तब स्थानीय लोगों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। अमेठी जिले के पीपरपुर निवासी गंगाराम कसौंधन की मौत और गोसाईगंज थाने के मिश्रौली गांव निवासी देव प्रकाश की मौत की सूचना दिन चढ़ते हुए गांव पहुंची तो कोहराम मच गया। पीपरपुर गांव और मिश्रौली गांव से लोग जिला अस्पताल पहुंचे और शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए ले गए। सड़क हादसे में मिश्रौली बाजार निवासी किराना व्यवसायी देव प्रकाश की मौत की सूचना के बाद शनिवार को व्यवसायियों ने अपनी दुकानें बंद रखी। ग्रामीणों ने बताया कि देव प्रकाश उर्फ ननकऊ के परिवार में पत्नी वंदना के साथ ही दो बेटियां प्रिया (17), खुशी(15) व बेटा शिवांश(12) हैं। पिता की मौत से बच्चों का रो–रोकर बुरा हाल है।

# किसानों के एलान को लेकर असरोगा व पीढ़ी टोला प्लाजा पर मुस्तैद रही पुलिस

संवाददाता
सुल्तानपुर। नए कृषि कानूनों के खिलाफ पिछले कई दिनों से किसान संगठनों का आंदोलन चल रहा है। इसी कड़ी में किसान संगठनों ने शनिवार को टोल प्लाजा फ्री कराने का एलान किया था। जिले में लखनऊ–वाराणसी हाईवे पर असरोगा व टांडा–बांदा राष्ट्रीय राजमार्ग पर भीखूपुर के पास पीढ़ी टोल प्लाजा स्थित है। दोनों टोल प्लाजा पर सुबह से ही पुलिस मुस्तैद रही। लखनऊ–वाराणसी हाईवे पर स्थित असरोगा टोल प्लाजा के पास धम्मौर एसओ रवि कुमार सिंह, एसओ कुड़वार अरविंद कुमार पांडेय, चौकी इंचार्ज खोखीपुर, चौकी इंचार्ज बंधुआकलां पुलिस कर्मियों के साथ डटे रहे। दिन शांतिपूर्ण गुजरने पर प्रशासन ने राहत की सांस ली।
जयसिंहपुर। किसान बिल के विरोध में चल रहे आंदोलन की कड़ी में शनिवार को किसान संगठनों की ओर से टोल प्लाजा फ्री करने की घोषणा की गई थी। आंदोलन को लेकर प्रशासन पूरी तरह सख्त रहा। इससे टोल प्लाजा पर दिन भर कोई किसान नेता नहीं पहुंच सके। यहां प्रतिदिन की तरह व्यवस्था बहाल रही। किसान बिल के विरोध में देशभर में आंदोलन चल रहा है। किसान संगठनों की ओर से आंदोलन की कड़ी में शनिवार को टोल प्लाजा पर वाहनों की आवाजाही फ्री करने और धरना–प्रदर्शन की चेतावनी दी गई थी। इसे लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। टांडा–बांदा राष्ट्रीय राजमार्ग पर भीखूपुर (पीढ़ी) में स्थित टोल प्लाजा पर सीओ दलबीर सिंह के नेतृत्व में सुबह से ही बड़ी सख्या में पुलिस तैनात की गई थी। सीओ ने मौजूद पुलिस कर्मियों को शासन की मंशानुरूप टोल संचालित कराने का मंत्र दिया था। उन्होंने हर हाल में टोल को सुचारु रूप से संचालन का भरोसा टोल कर्मियों को दिलाया था। सीओ खुद मौके पर दिन भर मौजूद रहे। शाम को डीएम रवीश गुप्ता और एसपी शिवहरि मीणा टोल प्लाजा ने निरीक्षण किया। देर शाम तक कोई भी संगठन टोल तक नहीं पहुंच सका।

# कोविड–19 जागरूकता मैच में एम फुटबाल क्लब बनी विजेता

संवाददाता
सुल्तानपुर। शहर के पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में शनिवार को कोविड–19 जागरूकता फुटबाल मैच का आयोजन किया गया। मैच में सब जूनियर व जूनियर फुटबाल में एम फुटबाल क्लब की टीम ने जीत दर्ज कराई। मैच में विजयी प्रतिभागियों को आयोजक मंडल की ओर से पुरस्कृत किया गया। शनिवार को पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में कोविड–19 जागरूकता फुटबाल मैच का आयोजन किया गया। इसमें सब जूनियर वर्ग का पहला मैच सैदपुर फुटबाल क्लब व एम फुटबाल क्लब के बीच खेला गया। मैच में एम फुटबाल क्लब ने 3–1 के अंतर से सैदपुर की टीम को पराजित किया। जूनियर वर्ग का दूसरा मैच प्रतापगढ़ फुटबाल क्लब व एम फुटबाल क्लब के बीच हुआ। इसमें एम फुटबाल क्लब ने प्रतापगढ़ की टीम को 2–1 के अंतर से पराजित किया। मैच में एम फुटबाल क्लब के आदित्य शर्मा, शाहिद, समीर, आयुष का प्रदर्शन सराहनीय रहा। मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को कांग्रेस के दिनेश मिश्र, मोस्ट कल्याण संस्थान के निदेशक श्याम लाल निषाद, मो. जीशान, खेल प्रशिक्षक राजेश कनौजिया, गोपाल सोनी ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। रेफरी की भूमिका आशुतोष गुप्ता, मो. अजहर व इम्तियाज ने निभाई। इस मौके पर जिला ओलंपिक संघ के सचिव वेद प्रकाश उपाध्याय, इलियास, सुनील शर्मा, नवीन शुक्ल, गिरीश तिवारी, महेश कुमार समेत अन्य कई लोग मौजूद रहे।

## पुलिस मुठभेड़ में 10 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

संवाददाता
सुल्तानपुर। 10 हजार रुपये के इनामी बदमाश को पुलिस ने शनिवार की सुबह जरईकलां के पास से मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से पुलिस ने तमंचा व कारतूस बरामद किया है। हलियापुर थाने में तैनात उपनिरीक्षक राजीव यादव शनिवार की सुबह गश्त पर थे। तभी उन्हें सूचना मिली कि एक शातिर बदमाश जरईकलां के पास किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने के लिए पहुंचा है। सूचना मिलते ही एसआई ने पुलिस टीम के साथ जरईकलां के पास छापा मार दिया। छापे के दौरान पुलिस को देखते ही एक बदमाश ने पुलिस पर तमंचे से फायर कर दिया। खुद को बचाते हुए पुलिस टीम ने बदमाश को तमंचे व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में शातिर बदमाश की पहचान राजू निषाद उर्फ शिव बहादुर निवासी अचकवापुर मजरे फत्तेपुर थाना हलियापुर के रूप में की गई। उपनिरीक्षक ने बताया कि राजू निषाद पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित था और रायबरेली जिले में उस पर गैंगेस्टर एक्ट के तहत भी केस दर्ज है।

# प्रेमिका की शादी तय होने से नाराज प्रेमी ने की थी मंगेतर की हत्या

संवाददाता
सुल्तानपुर। प्रेमिका की शादी तय होने से नाराज प्रेमी ने ही रंकेडीह गांव में उसके मंगेतर की सोते समय कुल्हाड़ी और पेचकस से मारकर हत्या की थी। पुलिस ने शनिवार को हत्या का खुलासा करते हुए आरोपी प्रेमी को आलाकत्ल के साथ गिरफ्तार कर लिया। कुड़वार थाना क्षेत्र के रंकेडीह गांव निवासी रामतीरथ गांव से बाहर खेत में मकान बनाकर परिवार के साथ रहते हैं। पिछले मंगलवार की रात रामतीरथ का बेटा दीपक (18) भोजन करके छत पर बने टिनशेड के नीचे चारपाई पर सो गया था। दूसरे दिन बुधवार की सुबह टिनशेड के नीचे दीपक लहूलुहान हालत में मृत पाया गया था।
पुलिस पिता की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की तफ्तीश में जुटी थी। इस बीच एसओ कुड़वार अरविंद पांडेय को जानकारी मिली कि दीपक की हत्या में परमजीत निवासी हाजी पट्टी थाना धम्मौर का हाथ है। परमजीत की गिरफ्तारी के लिए एसओ ने शनिवार को पुलिस टीम तैयार की। इस बीच सूचना मिली कि परमजीत कहीं भागने के लिए रवनिया पश्चिम मोड़ के पास पहुंचा है। सूचना मिलते ही एसओ ने पुलिस टीम के साथ रवनिया पश्चिम मोड़ के पास छापा मारकर परमजीत को गिरफ्तार कर लिया। एएसपी शिवराज ने बताया कि पुलिस की पूछताछ में परमजीत ने बताया कि उसका प्रेम प्रसंग हाजी पट्टी गांव की ही रहने वाली एक युवती से दो वर्षों से चल रहा था। इस बीच उसकी प्रेमिका की शादी दीपक के साथ तय हो गई थी। दीपक को रास्ते से हटाने के लिए ही उसने कुल्हाड़ी और पेचकस से मारकर उसकी हत्या की थी। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी और पेचकस बरामद कर लिया।

# 23 अभ्यर्थियों को मिला सहायक अध्यापक का नियुक्ति पत्र

संवाददाता
सुल्तानपुर। 69 हजार शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में शनिवार को 23 अभ्यर्थियों को सहायक अध्यापक का नियुक्ति पत्र सौंपा गया। इसके पहले पांच दिसंबर को 800 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया था। प्रदेश स्तर पर आयोजित हुई 69 हजार शिक्षक भर्ती प्रक्रिया के पहले चरण में अक्तूबर में 610 अभ्यर्थियों को सहायक अध्यापक का नियुक्ति पत्र वितरित किया गया था। दूसरे चरण में पांच दिसंबर को 800 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया गया। 24 अभ्यर्थियों के नियुक्ति पत्र कागजात में विसंगति की वजह से रोके गए थे। इनमें से 20 को शपथ पत्र देने के बाद नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। वहीं शासन के निर्देश पर नौ से 11 दिसंबर तक चली काउंसिलिंग में शामिल चार में से तीन अभ्यर्थियों को नियु क्ति पत्र दिया गया। एक अभ्यर्थी के आवेदन पत्र का प्रिंटआउट व सुपर टेट की सर्टिफिकेट नहीं होने की वजह से नियुक्ति पत्र रोका गया है। पटल सहायक अविनाश यादव ने बताया कि कुल 23 अभ्यर्थियों को सहायक अध्यापक का नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया है। बीएसए दीवान सिंह यादव ने कहा कि सभी नवनियुक्त अध्यापकों को सोमवार से बीएसए कार्यालय में ज्वॉइनिंग दी जाएगी। ज्वॉइनिंग के समय नवनियुक्त अध्यापकों को नियुक्ति पत्र व स्वास्थ्य प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा। शासन की ओर से विद्यालय आवंटन प्रक्रिया आयोजित होनी है। पांच दिसंबर से नियुक्ति पत्र मिलने के बाद नवनियुक्त अध्यापक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में हाजिरी लगा रहे हैं। हालांकि, उपस्थिति के लिए चार काउंटर बनाए गए हैं। ताकि उपस्थिति के समय अत्यधिक भीड़ न हो। बावजूद इसके बीएसए कार्यालय में कार्यदिवसों में शिक्षकों की भीड़ लग रही है।

# 5206 मामलों का निस्तारण, एक करोड़ 38 लाख रुपये जुर्माना वसूला

संवाददाता
मीरजापुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दीवानी न्यायालय परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत



का आयोजन किया गया। इसमें भारतीय स्टेट बैंक, बैंक आफ इंडिया, बैंक आफ बड़ौदा, आर्यावर्त, इलाहाबाद, पंजाब नेशनल बैंक, पंजाब एंड सिध बैंक, सेंट्रल बैंक के पंडाल लगाकर कुल 54 अदालतों का गठन किया गया। इसमें 5206 मामलों का निस्तारण कराया गया। इस दौरान एक करोड़ 38 लाख रुपये का जुर्माना वसूल किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लालचंद्र गुप्ता, प्रधान न्यायाधीश दिवाकर प्रसाद चतुर्वेदी, पीठासीन अधिकारी एमएसीटी वीर नायक सिंह एवं सभी न्यायिक अधिकारियों ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जिला जज ने 26 मुकदमे का निस्तारण कर लाखों रुपये अवमुक्त किया। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय दिवाकर प्रसाद चतुर्वेदी ने 13 पति–पत्नी के मामलों का निस्तारण किए और साथ रहने हेतु उनकी विदाई न्यायालय से कराया। वहीं पीठासीन अधिकारी एमएसीटी वीर नायक सिंह 39 मोटर दुर्घटना प्रतिकर के मामलों में सुलह कराकर मुकदमा खत्म कराया। इस दौरान मृतकों और घायलों के परिजनों को एक करोड़ 80 लाख रुपये का मुआवजा बीमा कंपनी से दिलाया। प्रथम अपर जनपद न्यायाधीश संजय हरि शुक्ला ने एक अन्य वादों का निस्तारण कराया, जबकि विशेष न्यायाधीश ईसी एक्ट अनिल कुमार ने 60 विद्युत अधिनियम मुकदमों का निस्तारण किया। साथ ही 19 हजार 300 रुपये जुर्माना वसूल किया। अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश पाक्सो अच्छेलाल सरोज ने आठ पाक्सो मीसिलिनियस मुकदमों का निस्तारण किया। साथ ही एक हजार रुपये का जुर्माना वसूल किया। अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश एफटीसी जितेंद्र मिश्रा ने चार मुदकमों का निस्तारण करते हुए दो हजार रुपये का जुर्माना वसूल किया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट इंद्रजीत सिंह 421 मुकदमों का निस्तारण कराते हुए एक करोड़ 95 लाख रुपये का जुर्माना वसूल किया। इसके अलावा न्यायिक अधिकारी यज्ञनेश चंद्र पांडेय, लवली जायसवाल, नेहा गंगवार, अमित कुमार यादव, आकृति गौतम, मोना सिंह, राहुल, सौरभ श्रीवास्तव, सुमित परासर, भावना भारती, के अलावा नगर मजिस्ट्रेट, एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार आदि ने भी मुकदमों का निस्तारण कर जुर्माना वसूल किया।

## बलिदानी रवि सिंह के नाम पर होगा जिगना–गौरा मार्ग

संवाददाता, मीरजापुर। देश की रक्षा में बलिदानी रवि कुमार सिंह मार्ग के नाम पर जिगना–गौरा मार्ग का नामकरण होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ट्वीट कर जानकारी दी। इसके लिए परिजनों के साथ जनप्रतिनिधियों ने भी मुख्यमंत्री व जिलाधिकारी को पत्र लिखकर जिगना–मिश्रपुर मार्ग का नामकरण व मरम्मत कराने की मांग की थी। अब सीएम ने जिगना–गौरा मार्ग का नामकरण शहीद रवि कुमार सिंह के नाम पर किया है। मुख्यमंत्री ने ट्वीट में कहा कि राष्ट्र सेवा के लिए शहीद रवि कुमार सिंह मार्ग लोगों को प्रेरित करेगा। राष्ट्र की रक्षा करते हुए जम्मू–कश्मीर के बारामूला में वीरगति को प्राप्त करने वाले रवि कुमार सिंह के शौर्य के प्रति श्रद्धावनत जनपद मीरजापुर के अंतर्गत जिगना–गौरा मार्ग का नामकरण शहीद रवि कुमार सिंह मार्ग करने का निर्णय लिया गया है। यह मार्ग युवाओं के लिए राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देने वाला सिद्ध होगा।

# प्राथमिकता के आधार पर करें धान की खरीद

संवाददाता
चुनार (मीरजापुर)। प्रदेश शासन के विशेष सचिव खाद्य अखंड प्रताप सिंह ने शनिवार को क्षेत्र के धान क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि 50 कुंतल और उससे कम के छोटे किसानों से फोन से संपर्क कर उन्हें विक्रय करने के लिए प्रेरित किया जाए। विशेष सचिव ने छोटे किसानों का धान प्राथमिकता के आधार पर खरीद किए जाने पर बल देते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप लक्ष्य के मुताबिक धान क्रय का लक्ष्य पूरा किया जाए। धान क्रय की धीमी खरीद पर डिप्टी आरएमओ धनंजय सिंह ने बताया कि अभी विवाह लग्न आदि के चलते चुनार इलाके के किसान 15 दिसंबर के बाद केंद्रों पर धान बेचने के लिए पहुंचेंगे। शाम को चुनार स्थित चेचरी मोड़ विपणन गोदाम स्थित क्रय केंद्र पर पहुंचे विशेष सचिव ने अभिलेखों को देखा। इस दौरान अभी तक हुई खरीद की जानकारी केंद्र प्रभारी अल्पना चौरसिया से ली। विशेष सचिव ने मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि पारदर्शी तरीके से धान की खरीद की जाए। अगर शिकायत मिली तो कार्रवाई तय है। अहरौरा संघ में निरीक्षण के दौरान बड़े काश्तकारों द्वारा 75 कुंतल की सीमा समाप्त करने के अनुरोध पर उन्होंने कहा कि पहले छोटे काश्तकारों का धान खरीदा जाएगा, उसके बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर तय सीमा में संशोधन किया जा सकता है। उन्होंने पीसीएफ नरायनपुर संघ, अहरौरा संघ, रानीबाग केंद्र पर भी निरीक्षण के दौरान किसानों से पूछा कि टोकन आदि के लिए कितनी बार केंद्र पर आना पड़ता है, जिस पर किसानों ने बताया कि एक बार डाक्यूमेंट आदि के लिए तथा दोबारा सैंपल लेकर आना पड़ता है। इसके बाद आठ दस दिन बाद का समय दिया जाता है। इस दौरान पीसीएफ के आरएम अंकुर कंचन, एएमओ मसूद अहमद, नैफेड जिला प्रभारी शैलेंद्र सिंह आदि थे।
–लेखपाल गांवों में जाकर पांच–दस कुंतल वाले किसानों को करें प्रेरित
विशेष सचिव खाद्य अखंड प्रताप सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लेखपालों के माध्यम से गांव के पांच से दस कुंतल धान वाले किसानों को यह जानकारी दी जाए कि उनकी खरीद के लिए टोकन की आवश्यकता नहीं है। वह कभी भी केंद्र पर धान लाकर बेच सकते हैं। विशेष सचिव ने अधिक से अधिक छोटे काश्तकारों को कवर करने के लिए निर्देश दिए।

# पंचायत चुनाव में पार्टी के कार्यकर्ता दिखाएं मजबूती : रत्ना

*– रामपुर संग्रामगढ़ मण्डल में हुआ कार्यकर्ता सम्मेलन*

प्रतापगढ। भाजपा रामपुरखास के रामपुर संग्रामगढ़ मण्डल में मोहम्मदपुर, नरई में मण्डल उपाध्यक्ष चंद्र शेखर सिंह के निवास पर कार्यकर्ताओं को आपसी मेल मिलाप के उपलक्ष्य में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राजकुमारी रत्ना सिंह ने सभी कार्यकर्ताओं का कार्यक्रम में पहुंचने के लिए आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी महाराज के द्वारा किये जा रहे विकास को लोगों तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने पंचायत चुनाव में पार्टी के कार्यकर्ताओं को और मजबूती दिखाते हुए संकल्पित भाव से लगकर पार्टी समर्थित प्रत्याशियों को जिताने के लिए तैयार होने पर जोर दिया। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने रत्ना सिंह को सम्मानित किया। भाजपा के जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र ने कार्यकर्ताओं को आपसी सम्बन्धों को और मजबूत करते हुए मिलजुलकर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया तथा किसान बिल पर उसके फायदे गिनाते हुए विपक्ष के द्वारा भ्रम फैलाने के कृत्य को जन जन तक पहुंचाने के लिए निर्देशित किया। कार्यक्रम के समापन पर बोलते हुए युवराज भुवन्यू सिंह ने आये सभी अतिथियों को धन्यवाद दिया और कहा मैं आपके साथ मिलजुलकर भाजपा को रामपुर खास में मजबूत करने काम कर रहा हूँ।आपका ऐसा ही सहयोग मिलता रहा तो वह दिन दूर नहीं जब आपके संघर्षो से रामपुर खास भाजपा का गढ़ बोला जाएगा। इस मौके पर जिला महामंत्री पवन गौतम, कमलेश गिरी, विनोद मिश्र, रोहित सिंह मण्डल अध्यक्ष, सुरेश कुमार सिंह प्रधानाचार्य/सेक्टर प्रभारी रामपुर आदि मौजूद रहे।

# धान बेचने के लिए चालीस किमी का चक्कर काट रहे किसान

संवाददाता
बीजपुर (सोनभद्र)। दक्षिणांचल के बीजपुर थाना क्षेत्र में धान क्रय केंद्र की व्यवस्था नहीं होने से किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए 40 किलोमीटर दूर स्थित बभनी केंद्र पर जाना पड़ रहा है जहां कई दिनों तक इंतजार करने के बाद उनकी फसल की बिक्री हो पा रही हैं। किसानों ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा बभनी ब्लाक में धान खरीद केंद्र बनाया गया हैं, लेकिन वहां पर एक किसान के उपज का 50 क्विंटल धान खरीद का निर्देश मुसीबत बना हुआ हैं। सरकारी खरीद केंद्र पर 50 क्विंटल से अधिक धान किसान बिक्री नहीं कर पा रहा है। इससे क्षेत्रीय खरीदार व बिचौलिए किसानों की उपज को एक हजार से 11 सौ रुपये प्रति क्विटल धान खरीद कर उनका शोषण कर कर रहे हैं। पड़ोसी प्रांत मध्यप्रदेश में अभी भी सरकारी खरीद केंद्र पर 90 क्विटल तक धान की खरीदारी एक किसान से की जा रही है। चपकी लैंपस पर क्षेत्र के नेमना, जरहां, पिडारी, लीलाडेंवा, सिदूर, नधिरा, सहित बभनी ब्लाक और म्योरपुर ब्लाक से सैकड़ों गांवों के किसान धान बेचने के लिए इलाके में फैले बिचौलियों के शोषण के शिकार हो रहे हैं। इस संबंध में लैंपस सचिव से फोन कर कई बार बात कर समस्या जानने की कोशिश की गई लेकिन वह फोन नहीं उठाए।

## कम्पनी गार्डेन में लगा फौव्वारा बना आकर्षण का केन्द्र अटल पार्क के दिन भी बहुरे

प्रतापगढ। नगर में कम्पनी गार्डेन में रविवार को नगर पालिका ने एक आकर्षक फौव्वारा लगाया है, जो शाम को लाइट में आकर्षण का केन्द्र दिखने लगा है। यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह ने बताया कि कम्पनी गार्डेन में बनी झील में यह फौव्वारा लगाया गया है। उन्होंने बताया कि इस फौव्वारा पर लगभग दो लाख रुपये व्यय किये गये हैं। बता दें कि कम्पनी गार्डेन में सुबह शाम हजारों लोग जहां टहलने आते हैं, वहीं बच्चे कम्पनी गार्डेन में लगे झूले व अन्य खेल के सामानों का आनंद लेते हैं। रविवार की शाम बच्चों ने इस आकर्षक फौव्वारे का भी लुत्फ उठाया। कम्पनी गार्डेन में चारों ओर हरियाली होने से जहां शुद्ध जलवायु नगरवासियों को मिलती है, वहीं अब फौव्वारा लगने से कम्पनी गार्डेन की आकर्षकता में बढ़ोत्तरी हुई है। बता दें कि नगर पालिका ने कम्पनी गार्डेन को तो आकर्षक बनाया ही है, शहर के बाबागंज में तहसील के पीछे बने अटल पार्क के दिन भी बहुरे हैं। वहां योगा के लिये अलग से व्यवस्था की गई है।

## सड़क हादसे में उपचार के दौरान मौत

प्रतापगढ़/परियावां। नवाबगंज थाना क्षेत्र के झुकवारा गाव निवासी सुमंत सिंह की पत्नी वंदना सिंह (37) वर्षीय तीन चार दिन पूर्व बाइक मोटरसाइकिल से ऊँचाहार जा रही थी कि थाना क्षेत्र के बरमौली के पास पिकप गाड़ी ने टक्कर मार दिया जिससे बाइक से नीचे गिर कर घायल हो गयी, जिनको उपचार के लिए ट्रामा सेंटर लखनऊ ले गए जहां शनिवार की रात मौत हो गयी। मौत की खबर मिलते ही ससुराल में कोहराम मच गया। शव का पोस्टमार्टम होने के बाद रविवार को गांव पहुंचा, जहां लोगों की भारी भीड़ जमा हो गया।

## विद्युत पोल के गिरने से मासूम की मौत, कोहराम

संवाददाता, लालगंज प्रतापगढ। कोतवाली के देवापुर अर्जुनपुर निवासी राजबहादुर सरोज का छह वर्षीय बेटा रिंकू सरोज शनिवार शाम को घर के बगल खेल रहा था। वही प्राथमिक विद्यालय के समीप ही यूकेलिप्टस का पेड़ कट रहा था। अचानक पेड़ की एक भारी भरकम डाल विद्युत तार पर जा गिर पड़ी। इससे वहां लगा विद्युत पोल टूट गया। खेल रहा मासूम रिंकू पोल गिरने से गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही बदहवास परिजन मौके पर पहुंचे और रिंकू को आनन फानन में लालगंज सीएचसी इलाज के लिए ले आए। यहां से हालत गम्भीर देख चिकित्सकों ने गम्भीर रूप से घायल बालक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनों के मुताबिक जिला अस्पताल में उपचार के बाद उसे चिकित्सकों ने देर रात्रि को प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया। रास्ते में मासूम ने दम तोड़ दिया। मासूम की मौत की खबर घर पहुंची तो कोहराम मच गया।

# मारपीट के दौरान बोलेरो चढ़ाने से चार दलित घायल

संवाददाता
प्रतापगढ। अंतू के रामगढ़ी गांव में आयोजित एक भोज के दौरान हो रही नाच–नौटंकी में बगल के गांव छत्ता का पुरवा के कुछ अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों से मारपीट हो गई, जिस पर आरोप है कि नाच–गाने में बैठे लोगों पर बोलेरो चढ़ा दिया गया जिससे चार दलित बुरी तरह से घायल हो गये, जबकि दूसरे पक्ष का कहना है कि मारपीट के दौरान जब बोलेरो लेकर भाग रहा था, तो कुछ लोग सामने आ गए जिसकी वजह से उन्हें चोट आई है। घायल लोगों में सरखेलपुर पट्टी गांव निवासी उमेश कुमार (26) जो अपनी बुआ के घर बहू भोज में आया था तथा इसके दो चचेरे भाई मनीष (12) व किशन (25) भी घायल हुए हैं। चौथा घायल महबूब रमगढ़ी गांव का है। सभी को उपचार के लिये अस्पताल भेजा गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। बताया जाता है कि अंतू के रामगढ़ी गांव में कोई युवक किसी लड़की से शादी करने के बाद बहू भोज का आयोजन किया था। बहू भोज के अवसर पर नाच नौटंकी की भी व्यवस्था की गई थी। इसमें कुछ छींटाकशी करने पर विवाद बढ़ा और चार दलितों को बोलेरो से चोटें आई।

# हनुमानजी ब्राम्हण वेष धारण कर श्रीराम के समक्ष उपस्थित हुए और पहचाने गये

एजेंसी

विगत अंक में हमने पढ़ा कि सुग्रीव श्री हनुमान जी को निवेदन करते हैं कि वे श्रीराम जी की विधिवत परीक्षा लेकर स्थिति स्पष्ट करें कि वे दोनों वीर कहीं बालि के भेजे तो नहीं हैं? इस सुंदर प्रसंग में हमें सुग्रीव के व्यक्तित्व पर भी एक दृष्टिपात करना आवश्यक प्रतीत होता है। रामायण में दो ग्रीवों की चर्चा की गई है। एक हैं सुग्रीव और दूसरा दसग्रीव। ग्रीव या ग्रीवा का अर्थ होता है श्गर्दनश। रावण के दस सिर होने के नाते वह श्दसग्रीवश कहलाया। और सुग्रीव की एक ही ग्रीव है तो मूलतः उसका नाम एकग्रीव होना अधिक उचित था। लेकिन वह श्सुग्रीवश नाम से विख्यात हुआ। जिसका अर्थ है सुंदर ग्रीवा वाला। यहाँ यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि रावण श्दसग्रीवश होने के बाद भी सुंदर ग्रीव वाला नहीं बन पाया। जबकि सुग्रीव एक ग्रीवा वाला होने के पश्चात् भी सुंदर ग्रीवा वाला कहलाया। वास्तव में ग्रीवा किसकी सुंदर होती है? आध्यात्मिक दृष्टि में किसी का रूप, रंग एवं वेष उसके किसी अंग की सुंदरता को निधार्रित नहीं करते। अपितु जो भी अंग अथवा शरीर किसी संत.महापुरुष को नतमस्तक है, सेवा रत है, वही सुंदर व पावन कहलाता है। जैसे संसारिक दृ ष्टि में सुंदर नयन वे हैं जो मृग के नयनों से मेल खाते हों। लेकिन गोस्वामी तुलसीदास जी की दृ ष्टि तो कुछ और ही कहती है.

नयनन्हि संत दरस नहीं देखा।

लोचन मोरपंख कर लेखा।।

अर्थात् अगर हम इन नेत्रों के द्वारा किसी संत.महापुरुष का पावन दर्शन नहीं करते तो हमारे नेत्र कोई सजीव व सुंदर तो कतई नहीं हैं। अपितु ठीक उस आंख की तरह हैं जो मोर के पंख पर बनी होती है। जो मात्रा दिखने में ही सुंदर है। परन्तु उसके माध्यम से कोई नेत्रहीन देख नहीं सकता। सुग्रीव की ग्रीवा सुंदर इसलिए है क्योंकि वह किसी भी परिस्थिति में श्री हनुमान रूपी साधु का संग नहीं त्यागते। सुग्रीव को पता है कि भले ही मैं उन दोनों वीर पुरुषों को पहचानने में असमर्थ हूँ। लेकिन तब भी चिंता किस बात



की। मेरे पास श्री हनुमान जी के रूप में साधु का सान्निध्य तो है ही। और साधु की दृष्टि से भला क्या छुप सकता है। उनकी दृ ष्टि धोखा कैसे खा सकती है। इसलिए सुग्रीव ने अपनी सोच को श्री हनुमान जी को समर्पित कर दिया।

लेकिन वहीं श्री हनुमान जी जिस घड़ी रावण की सभा में उपस्थित होते हैं तो रावण उन्हें किसी साधु की संज्ञा देकर सम्मान नहीं करता अपितु उनकी पूँछ जलाकर उनका अपमान करने का जघन्य व अक्षम्य अपराध करता है। कहने को तो रावण की श्ग्रीवाश की संख्या दस है। लेकिन उसमें एक भी ग्रीवा श्री हनुमान जी के समक्ष झुक नहीं रही, अपितु अकड़ अवश्य रही है।

श्री हनुमान जी केवल संत ही नहीं हैं बल्कि भगवान शंकर के अवतार भी हैं। वही भगवान शंकर जिन्हें रावण ने अपने दसों शीश काट कर अर्पित किए थे। लेकिन आज स्वयं भगवान शंकर वेष बदलकर श्री हनुमान जी रूप में क्या आए, रावण उन्हीं के समक्ष अपने दसों शीश अकड़ा कर बैठा है। यद्यपि श्री हनुमान जी कोई भी वेष धारण करें वे हर वेष में ही सम्मानीय हैं.

किएहुँ कुबेषु साधु सनमानू।

जिमि जग जामवंत हनुमानू।।

अर्थात् बुरा वेष बना लेने पर भी साधु का सम्मान ही होता है। जैसे हनुमान जी और जामवंत का हुआ। और आज श्री हनुमान जी को श्रीराम जी के समक्ष ब्राह्मण का वेष धरण करना पड़ा। तो ह्रदय के किसी कोने में उलाहना तो था ही कि हे प्रभु हमें तो आपकी पावन लीला का अंग बनने का सुअवसर मिला ही है, लेकिन दिखने में यह जितना सरल व रोचक लगता है, उतना है नहीं अपितु कष्टदायक अवश्य है। कष्टदायक इसलिए क्योंकि किसी भी मापदंड व समीकरण के आधर पर समीक्षा करें तो श्रीराम जी तो निःसंदेह सर्वश्रेष्ठ व शिरोमणि हैं ही और हम असंख्य जन्म लेकर भी उनकी चरण धूलि के एक कण की भी बराबरी नहीं कर सकते। परंतु आज जब उनकी पावन लीला का पात्रा बनना पड़ रहा है तो वे क्षत्रिय धर्म निभाते दृष्टिपात हो रहे हैं। और मैं ब्राह्मण के वेष में हूँ। और यहाँ न चाहते हुए भी मुझे श्रीराम जी का प्रणाम स्वीकार करने की धृष्टता करनी पडेघ्गी। और उसपे भी कठिनता यह कि ब्राह्मण वेश के कारण मुझे उन्हें कुछ उपदेश करने की कठिन घड़ी से भी गुजरना पड़ेगा। निःसंदेह मैं इन विकट परिस्थितियों के लिए किंचित भी तत्पर नहीं हूँ। लेकिन क्योंकि यही मेरे प्रभु की इच्छा है तो स्वाभाविक है मुझे इस दौर से गुजरना ही पड़ेगा।

लेकिन सज्जनों कैसा मीठा घटनाक्रम घट रहा है। श्री हनुमान जी भले ही पूरी तैयारी में गए थे। लेकिन सेवक धर्म लाख चाहने पर भी त्याग नहीं पाए। क्योंकि.

बिप्र रूप धरि कपि तहँ गयऊ।

माथ नाइ पूछत अस भयऊ।।

अर्थात् श्री हनुमान जी ब्राह्मण का वेष धारण कर श्रीराम जी के समक्ष उपस्थित हुए और मस्तक नवाकर इस प्रकार पूछने लगे।

सज्जनों यहाँ प्रसंग को आप जरा महीन दृष्टि से अवश्य देखिए। लीला है तो लीला को, लीला की ही तरह निर्वाह करना चाहिए। लेकिन यहाँ तो श्री हनुमान सोलह आने असफल हो गए। कारण यह कि जब आप ब्राह्मण रूप धरण कर क्षत्रिय रूप धरण किए श्रीराम के समक्ष उपस्थित हो गए तो लौकिक संस्कार क्या यह कहता है कि एक ब्राह्मण किसी क्षत्रिय को प्रणाम करे? यह तो व्यवहारिक रीति व मर्यादा का सरासर उल्लंघन था। लेकिन श्री हनुमान जी के मन की अवस्था में झांकना भी तो आवश्यक था। जैसा कि हमने पहले ही वर्णन किया कि श्री हनुमान जी भगवान शंकर जी का अवतार हैं। और भगवान शंकर की यह प्रबल व दृढ़ इच्छा थी कि वे श्रीराम जी के पावन युगलचरणों का स्पर्श प्राप्त करें। और इसी के निमित उनकों तीन सुअवसर प्राप्त हुए एवं तीनों बार भगवान शंकर असफल हुए। कब? प्रथमतः श्रीराम जी का अयोध्या में अवतरण हुआ तो भगवान शंकर ज्योतिषी बनकर गए परंतु चरण स्पर्श करने में असफल रहे। दूसरे श्रीराम जी जब वनों में श्रीसीता जी के वियोग में व्याकुल थे तो भगवान शंकर सती जी के साथ अगस्त्य मुनि जी के आश्रम से लौट रहे थे। तब भी उनकी चरण स्पर्श की मनोकामना पूर्ण नहीं हुई। और तीसरी बार भगवान शंकर प्रभु श्रीराम जी के विवाह मंडप में भी उपस्थित थे लेकिन यहाँ भी श्रीराम जी के चरणों की उनसे दूरी मिट नहीं पाई। श्री हनुमान जी ने सोचा कि हम भगवान बनके घूमते रहे और हमारे भगवान हमसे दूर ही रहे। बंदर क्या बने कलंदर भगवान श्री राम सामने खड़े हो गए। छोड़िए जी लीला.वीला तो चलती रहेगी? क्यों न प्रभु को निकट होकर प्रणाम करने का प्रसाद तो लूट ही लिया जाए।

# पैकेज बुक करते समय टूर आपरेटर से जरूर पूछें यह सवाल

एजेंसी

हर कोई छुट्टी के लिए तैयार महसूस करना पसंद करता है। यदि आपने अपनी छुट्टी बुक करने में मदद करने के लिए एक ट्रैवल एजेंट का उपयोग करने का फैसला किया है तो आपको अपने प्रोग्राम और गंतव्य का विस्तृत विवरण उस ट्रैवल एजेंट से शेयर करना नितांत आवश्यक है। एक पैकेज टूर, पैकेज वेकेशन या पैकेज हॉलिडे में एक टूर ऑपरेटर के रूप में जाने जाने वाले वेंडर द्वारा विज्ञापित और बेचे जाने वाले परिवहन, आवास, भोजन और साइट–सीइंग आदि शामिल होते हैं।

चाहे आप एक ऑनलाइन ट्रैवल पोर्टल के माध्यम से छुट्टी का पैकेज बुक कर रहे हों या किसी टूर ऑपरेटर पर भरोसा कर रहे हों, आपको अपने गंतव्य, बजट और सहूलियत को ध्यान में रखते हुए टूर ऑपरेटर से पैकेज के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियाँ अवश्य हासिल करनी चाहिए। चूंकि गलत प्रश्नों के सही उत्तर प्राप्त करने की तुलना में सही प्रश्न पूछना अधिक महत्वपूर्ण है, इसलिए आपको कुछ महत्वपूर्ण प्रश्नों को जरूर पूछना चाहिए। भ्रमण की योजना बनाना एक रोमांचक और कदाचित एक कठिन काम है। अपनी यात्रा के लिए एक पेशेवर और उसके द्वारा दी जाने वाली पेशकशों को चुनते समय समझदारी और सही जानकारी होना बहुत जरूरी है। जब आप एक टूर कंपनी के साथ हॉलिडे पैकेज बुक करते हैं तो आप एक बड़ी प्रतिबद्धता बनाते हैं। ऐसे बहुत सारे प्रश्न हैं जो आपको पैकेज लेने से पहले अवकाश पैकेजों के बारे में पूछना चाहिए।

कुछ महत्वपूर्ण प्रश्न जिन्हे आप टूर ऑपरेटर से यात्रा का प्लान करते समय पूंछ सकते हैं–

पैकेज में क्या शामिल है और क्या नहीं?

यात्रा में कीमतों के साथ यात्रा पैकेज व्यापक रूप से साझा किए जाते हैं। लेकिन उन पैकेजों में क्या शामिल है या क्या शामिल नहीं किया गया है, इसकी जाँच महत्वपूर्ण है। यात्रा की व्यवस्था, भोजन या यहां तक कि करों को स्पष्ट करें और अंतिम मिनट के तनाव से बचने के लिए सभी निष्कर्षों और बहिष्करणों के बारे में लिखित रूप में या ईमेल पर इसकी जानकारी लें।

यात्रा बाल–सुलभ है?

यात्रा विशेषज्ञ से पूछना सुनिश्चित करें कि क्या सभी जगह बच्चे के अनुकूल हैं, अगर बच्चों के लिए कोई विशेष गतिविधियाँ, जैसे मनोरंजन पार्क आदि हैं और बच्चों के साथ यात्रा करना सुरक्षित है।

पिकअप और ड्रॉप पॉइंट क्या हैं?



उन कम्यूट विकल्पों की जाँच करें जो आपके लिए संभव हैं और उसी के अनुसार अपने एजेंट के साथ पिक–अप और ड्रॉप पॉइंट तय करें। अपने गंतव्य पहुंचने पर यह सुनिश्चित करें कि क्या स्थानीय दर्शनीय स्थलों की यात्रा के लिए होटल या किसी अन्य स्थान से परिवहन और संचार की सुविधा आपको दी जा रही है या नहीं, ताकि बाद में कोई संदेह या असमंजस की स्थिति न उत्पन्न हो सके।

पारगमन में कितने घंटे लगेंगे?

कस्बों और शहरों के बीच यात्रा समय लेने वाली होती है। इसके अलावा, स्थानों के बीच आवागमन के लिए आपके द्वारा चुने गए परिवहन के मोड को ध्यान में रखा जाना चाहिए। इसके अलावा, यदि आप जो यात्रा पैकेज खरीदते हैं, उसका अधिकांश भाग उपयोग करने के लिए आवश्यक दिनों की संख्या बढ़ा या घटा सकते हैं।

प्रत्येक दर्शनीय स्थल पर कितना समय बिताया जाता है?

कभी–कभी कुछ स्थान आपको दूसरों की तुलना में अधिक रुचि दे सकते हैं। आप ऐसी जगहों पर सभवतः अधिक समय व्यतीत करें। दूसरी ओर, कुछ जगहें ऐसी भी हो सकती हैं जो आपको कम से कम दिलचस्पी देती है। इसलिए अपने टूर गाइड के साथ उस समय के ब्रेकअप की समुचित योजना बनाएं जो, आपकी और उनकी संचार योजना दोनों को आसान बना देगा।

क्या उनके पास खराब मौसम की कोई नीति है?

मौसम की स्थिति कुछ ऐसी होती है जो किसी भी व्यक्ति के नियंत्रण में नहीं है। इसलिए यह जानना सबसे महत्वपूर्ण है कि यदि मौसम कभी अनुकूल नहीं रहता है तो आपकी यात्रा योजनाओं का क्या होता है? क्या आपके ट्रैवल एजेंट के पास रिफंड पॉलिसी है? क्या वे आसानी से इसे पुनर्निर्धारित कर सकते हैं? क्या उनके टूर पैकेज में सभी भोजन शामिल हैं?

भारत में कुछ ऑफबीट ट्रैवल कंपनियां आमतौर पर अपने पैकेज में भोजन शामिल करती हैं। हालांकि, यह व्यक्तिपरक होता है और एक ट्रैवल एजेंट का दूसरे में भिन्न होता है। विशेष रूप से पूछें कि क्या सभी भोजन या कोई विशेष भोजन (नाश्ता, दोपहर या रात का भोजन) टूर पैकेज का एक हिस्सा है या नहीं। यह आपकी यात्रा के दिन की योजना को चाक–चौबंद करने में आपकी मदद करेगा और भोजन को दौरे का हिस्सा नहीं होने की स्थिति में आपको आवश्यक प्रावधान करने में सहायक होगा ।

पैकेज रद्द करने की नीति क्या है?

शेड्यूलिंग और भुगतान आमतौर पर समय से पहले किया जाना चाहिए। किसी भी पैकेज को बुक करने से पहले लागू किए गए शुल्कों को जान लें कि क्या आपको अपनी योजनाओं में कोई अंतिम बदलाव करना है या रद्द करना है। रद्द करने की नीतियों को समझना और रद्द करने पर लागू फीस के प्रतिशत पर पारस्परिक रूप से सहमत होना आवश्यक है।

मुझे अपनी यात्रा के लिए क्या दस्तावेज चाहिए?

यात्रा के लिए बहुत सी जगहों को विशेष परमिट की आवश्यकता होती है। अपने ट्रैवल एजेंट से जांच लें कि क्या कोई विशेष दस्तावेज है जो उस गंतव्य में आवश्यक है, जिसे आपने छुट्टी के लिए चुना है। फोटो पहचान, चिकित्सा प्रमाण पत्र और बैंक स्टेटमेंट जैसे व्यक्तिगत दस्तावेजों की आवश्यकता हो सकती है और आपको उन सभी डाक्यूमेंट्स को अपने पास रखना चाहिए। यह आपकी यात्रा पर उत्पन्न होने वाली किसी भी बाधा को समाप्त कर देगा। आपकी यात्रा के आधार पर (यदि आप विदेश घूमने का प्लान बना रहे हैं) कुछ देशों को वीजा की आवश्यकता होती है, जिसके लिए मेडिकल सर्टिफिकेट, विवाह प्रमाणपत्र और बैंक स्टेटमेंट जैसे व्यक्तिगत दस्तावेजों की आवश्यकता होती है।

# अनियमित पीरियड्स हो या बांझपन, महिलाओं की हर समस्या का हल अशोक की छाल

आयुर्वेदिक गुणों से भरपूर अशोक के पेड़ की छाल का इस्तेमाल सदियों से औषधी के रूप में होता आ रहा है। सेहत के लिए



यह किसी वरदान से कम नहीं है खासकर महिलाओं के लिए। इससे अनियमित पीडियड्स, मेनोपॉज, वैजाइना इंफेक्शन और गर्भाशय में होने वाली समस्याओं से छुटकारा पाया जा सकता है। आइए आज हम आपको बताते हैं महिलाओं के लिए अशोक के पेड़ की फायदे.

अनियमित पीरियड्स

आयुर्वेद के मुताबिक, अशोक क्षीर पाक खाने से अनियमित पीरियड्स की समस्या दूर हो जाती है और इससे ब्लड फ्लो भी सही रहता है। क्षीर पाक बनाने के लिए अशोक के पेड़ की छाल को सुखाकर पीस लें। अब 6 ग्राम पाउडर में 500 मि. ली. लीटर दूध और पानी मिलाकर उबालें। जब मिश्रण आधा रह जाए गैस बंद कर दें। क्षीर को ठंडा करके 1 चम्मच शहद मिलाकर खाली पेट पीएं।

मासिक धर्म की ऐंठन से छुटकारा

पीरियड्स के हद से ज्यादा ऐंठन और दर्द की शिकायत रहती है तो आप इसका काढ़ा बनाकर पी सकते हैं। इसके लिए 1 गिलास पानी में 15 ग्राम ग्राम अशोक की छाल का पाउडर मिलाकर 1/4 होने तक उबालें। लगातार 3 दिन तक इसका सेवन करने से मासिक धर्म और ऐंठन की समस्या दूर हो जाएगी।

वेजाइनल डिस्चार्ज

ल्यूकोरिया यानि वैजाइना डिस्चार्ज की समस्या दूर करने के लिए भी अशोक की छाल का काढ़ा बहुत फायदेमंद है। 1 चम्मच अशोक की छाल, पानी व दूध की बराबर मात्रा को अच्छी तरह उबालकर काढ़ा बनाएं। नियमित इसका सेवन करने से ल्यूकोरिया के लक्षण कम होंगे।

पीरियड्स खुलकर नहीं आते तो...

अशोक के पेड़ की छाल को उतारें और करीब 90 ग्राम छाल को 30 मिलीलीटर पानी में 10 मिनट तक उबालें। इसे छानकर प्रतिदिन दिन में दो या तीन बार पीएं। इससे पीरियड सामान्य हो जाएंगे।

यूरिन इंफेक्शन

यूरिन इंफेक्शन की समस्या है तो इसके बीजों को पीसकर रोजाना पानी के साथ 2 चम्मच लें। इससे आपकी समस्या कुछ दिनों में ही दूर हो जाएगी।

प्रजनन क्षमता बढ़ाए

रोजाना अशोक की छाल का बना काढ़ा पीने से प्रजनन क्षमता भी बढ़ती है। साथ ही इससे गर्भाश्य से जुड़ी समस्याएं भी दूर होती है।

कंसीव करने में मददगार

कुछ महिलाओं को कंसीव करने में बहुत दिक्कत होती है। ऐसे में 2–3 ग्राम अशोक के फूल को दही में मिलाकर खाएं। इससे गर्भधारण करने में आ रही दिक्कत दूर होगी।

# हर दर्द का इलाज करेंगे 9 एक्यूप्रेशर प्वाइंट्स, नस दबाएं और रोग भगाएं

हमारा लाइफस्टाइल इतना खराब हो गया है कि छोटी उम्र में ही वो बीमारियां शिकार बना रही हैं जो उम्रदराज होने पर सुनाई पड़ती थी। इसकी वजह कोई और नहीं बल्कि हम खुद हैं। हमने खुद को टेक्नोलॉजी के अंदर ऐसे रुझा लिया है कि खुद के लिए समय ही नहीं। फोन ही ले लो सारा दिन उसी में घुसे रहते हैं नतीजा सिरदर्द माइग्रेन, गर्दन दर्द,आंखों में जलन जैसी समस्याएं और इनसे पीछा छुड़वाने के लिए लगातार दवाइयों का सेवन करते हैं। पेनकिलर शरीर को आराम तो तुरंत दे देती हैं लेकिन इसका साइड इफेक्ट भी होता है और अगर हम आपको ऐसे नुस्खा बता दें जिससे आपको दवा भी ना खाने पड़े और तुरंत आराम भी मिल जाए तो...

जी हां यह नुस्खा एक्यूप्रेशर प्वाइंट्स का है ऐसी तकनीक जिसकी मदद से ब्लड प्रेशर से लेकर मोटापे तक को कम किया जा सकता है। 2 से 3 मिनट की मसाज आपको कमाल का फायदा देगी। बस आपको इन प्वाइंट्स के बारे पता होने चाहिए।

सिरदर्द या माइग्रेन

हर उंगली के नाखून के नीचे वाले हिस्से को दबाएं। इसके अलावा इंडेक्स फिंगर और अगूंठे के बीच के प्रेशर प्वाइंट को दबाने से भी राहत मिलेगा। इसे जॉइनिंग द वैली कहते हैं। सिर्फ सिरदर्द ही नहीं, दांत का दर्द, गर्दन का दर्द, कंधे का दर्द, आर्थराइटिस और कब्ज जैसी समस्याएं दूर हो जाती हैं।

सर्दी–जुकाम

पैरों की अंगुलियों के पोरों के मध्य बिंदु पर प्रेशर देकर दबाएं। इससे सर्दी, जुकाम ही नहीं साइनस की समस्या भी दूर होगी।

हाइपरटेंशन यानि हाई ब्लड प्रैशर इसके लिए कान के नीचे गर्दन और गर्दन की हड्डी के बीच मौजूद प्वाइंट 1 और 2 को हल्के हाथ से मसाज दें। 3 मिनट तक लगातार हल्की मसाज करने से ये प्वाइंट्स एक्टिवेट हो जाते हैं। इसके अलावा पैरों के तलवे के ऊपर वाले हिस्से की बीच वाले प्वाइंट्स को दबाने से भी ब्लड प्रेशर कंट्रोल में रहता है।

पीरियड्स प्रॉब्लम्स

पीरियड्स के दौरान होने वाली समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए पैरों की एड़ी वाले निचले हिस्से को दबाएं।

अस्थमा

अंगूठे के नीचे वाली गद्देदार जगह को हलके हाथों से दबाएं। इससे सांस से जुड़ी समस्याएं व अस्थमा में काफी मदद मिलती है।

नींद ना आने की समस्या

तलवे के बीच के भाग को अंगूठों से दबाए ओर मसाज करें। इसे कुछ सेकंड्स तक करें। इस 2 मिनट की मसाज से आपको सोने में मदद मिलेगी।

डाइजेशन सिस्टम

यह एक्यूप्रेशर प्वाइंट पैरों के साइड पर मौजूद होता है। इसे दबाने से डाइजेशन सिस्टम ठीक रहता है और कब्ज, एसिडिटी जैसी प्रॉब्लम दूर होती है।

वजन घटाए नाभि का प्वाइंट

नाभि से करीब 3 से.मी. नीचे मौजूद प्वाइंट को दबाने से पाचन तंत्र मजबूत रहता है और भूख पर कंट्रोल रहता है। इससे आप ओवरइटिंग से बचे रहते हैं और वजन कंट्रोल में रहता है।

तनाव–थकान उतारेगी थर्ड आई

माथे पर दोनों आइब्रो के बीच प्रेस करने से मेमोरी पॉवर, स्ट्रेस, थकान, तनाव सिरदर्द, आंख में दर्द और नींद की बीमारी में फायदा होता है इसके लिए माथे पर दोनों आइब्रो के बीच में प्रेस करें। थकान हटाने के लिए आप हेवनली पिलर प्वाइंट जो हमारी गर्दन और खोपड़ी के जोड़ पर पीछे की तरफ होता है उसे दबाएं। गर्दन का दर्द ठीक होगा।

नर्वसनेस डिप्रेशन के शिकार

इस प्वाइंट को सी ऑफ ट्रेंक्वालिटी कहते हैं जो चेस्ट की बीचो–बीच मौजूद होता है। इस प्वाइंट पर दबाने से डिप्रेशन, नर्वसनेस और एंग्जाइटी दूर होती है। अगर आप बहुत जल्दी इमोशनल हो जाते हैं तो उस प्रॉब्लम में आराम मिलता है

पेट की समस्या और कब्ज

इस समस्या में लेग थ्री माइल्स काम आएगा। ये प्वाइंट हमारे घुटनों से लगभग चार अंगुल नीचे की तरफ मौजूद होता है। यहां दबाने से पेट दर्द, उल्टी, पेट फूलना, कब्ज और इनडाइजेशन जैसे प्रॉब्लम दूर हो जाती है।

# अगर फोन हो गया है चोरी, तो घर बैठे पा सकते हैं वापस, बस फालो करें ये सिंपल टिप्स

एजेंसी

अगर स्मार्टफोन चोरी हो गया है, तो घबराने की जरूरत नही है। घर बैठे फोन को वापस पाया जा सकता है। इसके लिए यूजर को कुछ सिंपल टिप्स को फॉलो करना होगा। साथ ही फोन को आसानी से ट्रैस किया जा सकेगा। वही फोन के डाटा को रिकवर किया जा सकेगा। इनमें से बहुत सारे लोग फोन चोरी होने पर सिंपल दूसरी सिम जारी करा लेते हैं और फिर पुराने फोन को भूल जाते हैं। लेकिन आपकी यह आदत आपको काफी नुकसान पहुंचा सकती है, क्योंकि अगर आपके चोरी होने वाले स्मार्टफोन से कोई गलत काम होता है, तो उसके लिए आप दोषी करार दिए जाएंगे। इससे आपको काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में आज हम आपको बता रहे हैं कि आखिर फोन चोरी होने पर सबसे पहले क्या किया जाना चाहिए, जिससे फोन को वापस हासिल करने में मदद होगी।

चोरी होने वाले स्मार्टफोन के लिए सरकार ने जारी की



वेबसाइट

डिपार्टमेंट ऑफ टेलिकम्युनिकेशन की तरफ से एक वेबसाइट सेंट्रल इक्विपमेंट आईडेंटिटी रजिस्टर (CEIR) को लॉन्च किया गया था, जो खासतौर पर चोरी होने वाले मोबाइल का पता लगाने के लिए है। इस वेबसाइट की मदद से चोरी होने वाले स्मार्टफोन को ब्लॉक और अनब्लॉक किया जा सकता है, साथ ही फोन की लोकेशन का पता लगाया जा सकता है। बता दें कि CEIR में देश के हर नागरिक के मोबाइल का मॉडल, सिम नंबर और IMEI नंबर मौजूद है। इससे CEIR को चोरी हुए मोबाइल को खोजने में आसानी होती है। बता दें मोबाइल के मॉडल पर उसे बनाने वाली कंपनी द्वारा जारी IMEI नंबर के मिलान की तकनीक सी–डॉट ने ही विकसित की है।

फोन चोरी होने पर सबसे पहले

क्या करें

फोन चोरी होने पर सबसे पहले स्मार्टफोन खोने की रिपोर्ट दर्ज करानी होगी। इसे ऑनलाइन मोड से दर्ज करा सकते हैं, जिससे चोरी होने वाले स्मार्टफोन का FIR नंबर जनरेट होगा। FIR दर्ज होने के बाद आप कानूनी रुप से फोन से होने वाले गलत काम के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराए जाएंगे।

कैसे वापस हासिल किया जा सकेगा फोन

FIR रिपोर्ट दर्ज होने के बाद CEIR वेबसाइट पर विजिट करना होगा।

यहां आपको तीन ऑप्शन Block/Lost Mobile, Check Request Stt और Un&Block Found Mobile दिखेंगे।

चोरी हुआ मोबाइल वापस मिल गया है, तो Un&Block Found Mobile ऑप्शन पर क्लिक करें।

वहीं चोरी हुए मोबाइल के लिए Block/Lost Mobile पर क्लिक करें

इसके बाद एक पेज खुलेगा। जहां आपको अपना मोबाइल नंबर दर्ज करना होगा। साथ ही IMEI नंबर और स्मार्टफोन के ब्रांड के बारे में जानकारी उपलब्ध करानी होगी। इसके अलावा डिवाइस मॉडल और मोबाइल का बिल अपलोड करना होगा। इसके बाद मोबाइल फोन खोने की जगह, जिला, प्रदेश और पुलिस स्टेशन, और FIR नंबर, फोन खोने की तारीख दर्ज करनी होगा।

इन सारी जानकारियों के बाद आपको अपनी पर्सनल जानकारी जैसे पता, मोबाइल नंबर दर्ज करना होगा। फिर आपके दूसरे नंबर पर एक ओटीपी आएगा। जिसे दर्ज करने के बाद फाइनल सब्मिट ऑप्शन पर क्लिक करना होगा। इसके बाद आपके चोरी हुए मोबाइल की खोज शुरू हो जाएगी। साथ ही, चोरी हुए मोबाइल को ट्रेस कर पाएंगे।

# असुरक्षा की भावना से बाहर निकलना होगाः नेहा मारदा

एजेंसी

नेहा मारदा करीब पांच साल बाद स्थायी किरदार में टीवी में वापसी कर रही हैं। आगामी शो क्यों रिश्तों की कट्टी बट्टी में वह शुभ्रा के किरदार में नजर आएंगी...



नेहा कहती हैं, मैं अभी शो करने के मूड में नहीं थी। थोड़ा और ब्रेक चाहती थी। मेरी कुछ संस्थाएं हैं व पटना में नई प्रतिभाओं के लिए ट्रेनिंग एकेडमी है। इन्हें भी थोड़ा और वक्त देना चाहती थी। मैं हमेशा से ही सरस्वतीचंद्र और अफसर बिटिया जैसे शो के निर्देशक अरविंद बब्बल के साथ काम करना चाहती थी। इसीलिए उनका नाम सुनते ही मैंने बिना कहानी सुने इस शो के लिए हां कर दिया। मैंने लुक टेस्ट दिया। इससे सभी को विश्वास हो गया कि इस किरदार और भाषा शैली में मैं फिट दिखूंगी।

बुजर्गों की बात समझी

इस शो में काम करते हुए नेहा को बुजुर्गों की कही एक महत्वपूर्ण बात समझ में आयी। वह बताती हैं, निर्माता इस शो को एक पारिवारिक ड्रामा मानते हैं, लेकिन मेरी सोच उनसे अलग है। संयुक्त परिवार की अपेक्षा एकल परिवार में रहने वाले लोग इस कहानी से खुद को ज्यादा अच्छी तरह से जोड़ पाएंगे। इस शो का मुख्य आकर्षण बच्चे हैं, क्योंकि उनके आधार पर हम उनके माता–पिता के रिश्तों के बीच कट्टी (नाराजगी) और बट्टी (मेल–मिलाप) को दिखाएंगे। पति–पत्नी के बीच झगड़े को देखकर अक्सर घर के बुजुर्ग कहते हैं कि एक बच्चा पैदा कर लो सब ठीक हो जाएगा। मुझे बुजुर्गों की कही यह बात समझ में आई। बच्चे पैदा होने के बाद पति–पत्नी का एक–दूसरे को देखने का नजरिया बदल जाता है।

आपसी समझदारी है जरूरी

बच्चों को सही संस्कार देने के लिए नेहा माता–पिता के बीच आपसी समझ को जरूरी समझती हैं। वह कहती हैं, हम बच्चों को जिस माहौल में रखते हैं वे वही चीजें सीखते हैं। अक्सर लोग छोटी–छोटी बातों में आपा खो देते हैं, यहां तक कि हाथ भी उठा देते हैं। इसका बच्चों पर गहरा असर पड़ता है। फिर बच्चों का अनुचित व्यवहार देखकर माता–पिता कहते हैं कि पता नहीं कहां से बच्चा यह सब सीखकर आ रहा है। बच्चे सबसे ज्यादा वक्त घर में बिताते हैं। इसलिए घरेलू माहौल और परवरिश का उन पर सबसे ज्यादा प्रभाव पड़ता है। बच्चों को सही संस्कार देने के लिए माता–पिता के बीच संयम, समझदारी और संतुलन जरूरी होता है। इससे वे अपनी समस्याएं आसानी से सुलझा सकते हैं।

अपनी ताकत का एहसास जरूरी

महिलाओं के साथ होने वाली घरेलू हिंसा और अन्य अपराधों से चिंतित नेहा का कहना है, महिलाओं की सुरक्षा के लिए समाज के साथ–साथ आज के माता–पिता को भी सोच बदलने की जरूरत है। पहले मां बेटी को ससुराल विदा करते वक्त कहती थी कि तुम्हारे साथ जो भी हो बर्दाश्त कर लेना, अब ससुराल ही तुम्हारा घर है। घरेलू हिंसा उन्हीं के साथ होती है, जो बर्दाश्त करते हैं। जब महिलाएं अपने आपको कमजोर मानना बंद करेंगी, तभी हमारे समाज से ऐसी चीजें खत्म होंगी। अपने सुरक्षा और हक के लिए महिलाओं को बिना डरे अपना पक्ष रखने की जरूरत है। इसके साथ ही महिलाओं को आत्मनिर्भर बनकर इस असुरक्षा की भावना से बाहर निकलना होगा कि पति को छोड़ने के बाद हम कहां जाएंगे। महिला सशक्तीकरण की दिशा में हर माता–पिता को यह बातें अपनी बेटियों को सिखानी चाहिए।


मातृत्व सुख के लिए तैयार

पटना के व्यवसायी आयुष्मान अग्रवाल के साथ नेहा की शादी को लगभग आठ वर्ष हो गए। नेहा अब मातृत्व सुख के लिए तैयार हैं। हल्की मुस्कराहट के साथ वह कहती हैं, श्अगर मैं यह शो नहीं कर रही होती तो अब तक मेरी प्रेग्नेंसी की खबरें चल रही होतीं। मैं मां बनना पसंद करूंगी। कई लोगों ने मुझसे बच्चे या काम में से किसी एक विकल्प को चुनने के लिए पूछा। मुझे काम के साथ बच्चा भी चाहिए। हर एक चीज की उम्र होती है। मैं अपनी मातृत्व की उम्र यूं ही नहीं बिताना चाहती। इस शो के बाद अगर भगवान की कृपा रही तो मेरी अगली योजना मां बनने की ही है।

# अभिनेत्री आर्या बनर्जी की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आई सामने

एजेंसी

साल 2020 मनोंरजन जगत के लिए काफी मनहूस रहा है। एक के बाद एक कई स्टार्स के निधन ने फिल्म



इंडस्ट्री के फैंस को हिलाकर रख दिया है। वहीं हाल ही में द डर्टी पिक्चर फेम बांग्ली अभिनेत्री आर्या बनर्जी की अचानक हुए मौत ने सबसे काफी चौंका दिया था। आर्या ने हिंदी सिनेमा की कई फिल्मों में काम किया था। इस खबर ने न सिर्फ आर्या के परिवारवालों बल्कि उनके फैंस को भी काफी दुखी किया था। आर्या को उनके कोलकाता स्थित घर में शुक्रवार को मृत पाया गया था। वह अपने घर में अकेली रहती थीं। वहीं शुक्रवार की सुबह जब आर्या की नौकरानी उनके घर गई और एक्ट्रेस ने दरवाजा नहीं खोला तो उसने तुंरत इस बात की जानकारी पुलिए को दी। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर आर्या के मृत शरीर को बाहर निकाला। वहीं अब इस मामले में पुलिस ने किसी भी तरह की साजिश से इनकार किया है। अभिनेत्री आर्या बनर्जी की मौत के बाद पुलिस ने उनकी बॉडी को पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया था। वहीं आर्या की ऑटोप्सी होने बाद अब उनकी मौत की सही वजह सामने आई है। पुलिस का कहना है कि आर्या के शरीर में काफी मात्रा में शराब पाई गई। वहीं पुलिस के मुताबिक डॉक्टर्स ने आर्या बनर्जी के मर्डर की बात को खारिज कर दिया है। उन्होंने कार्डियक अटैक होने की संभावना जताई गई है। वहीं डॉक्टर्स का कहना है कि एक्ट्रेस को कार्डियक अटैक हुआ होगा, जिसकी वजह से वह मदद मांगने के लिए चलने की कोशिश कर रही होंगी और गिर गई होंगी। वहीं आर्या का पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर ने बताया कि उनके के मृत शरीर के पास जो खून मिला है वह गिरने की वजह से बहा है। साथ ही डॉक्टर्स ने इस बात का भी खुलासा किया है। वहीं डॉक्टर्स ने इस बात का भी खुलासा किया है कि आर्या के पेट में करीब दो लीटर शराब मिली है। क्योंकि वह अपने मुंह के बल गिरी थीं इसलिए उन्हें चोट लगी और खून निकलने लगा।

# विराट कोहली और अनुष्का शर्मा वैश्विक इंस्टाग्राम इनफ्लुएंसर की सूची में शामिल

एजेंसी

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली और फिल्म अभिनेत्री अनुष्का शर्मा की जोड़ी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वैश्विक इंस्टाग्राम इनफ्लुएंसर की लिस्ट में टॉप 25 में जगह बनाने में सफल हुए हैं। यह लिस्ट हाइप ऑडिटर ने बनाई है। विराट कोहली और अनुष्का शर्मा को पावर कपल के तौर पर जाना जाता है। अब ग्लोबल डाटा कलेक्शन और एनालिसिस प्लेटफार्म हाइप ऑडिटर ने वैश्विक इंस्टाग्राम इनफ्लुएंसर की सूची जारी की है इस लिस्ट में फुटबॉल प्लेयर क्रिस्टियानो रोनाल्डो टॉप पर है उनकी इंगेजमेंट पॉइंट 4.5 मिलियन एक पोस्ट पर होती है। विराट कोहली भारत में नंबर 1 पर है वही उनका टॉप 25 में 11 वां स्थान है। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 17 वां स्थान हैस अनुष्का शर्मा 24 वें स्थान पर है उनकी इंगेजमेंट 2.6 मिलियन हर पोस्ट पर होती है। जबकि कटरीना कैफ इस लिस्ट में 43 वें नंबर पर और दीपिका पादुकोण 49 वें नंबर पर है अनुष्का शर्मा को पिछली बार निर्देशक आनंद एल राय के निर्देशन में बनी फिल्म जीरो में देखा गया थास यह फिल्म एक फ्लॉप फिल्म थीस फिल्म में शाहरुख खान और कटरीना कैफ की भी अहम भूमिका थी। फिल्मों की शूटिंग के बारे में बताते हुए अनुष्का शर्मा ने कहा था,



मैं ऑटो पायलट मोड में थी एक ऐसा समय था कि मैं एक समय पर दो फिल्में शूट कर रही थी जबकि वह खास अच्छी फिल्में नहीं थी। मुझे कुछ और करना था।

कुछ ऐसी चीजें जो मेरे शेड्यूल में फिट नहीं बैठ रही थी अनुष्का शर्मा ने अपना खुद का प्रोडक्शन हाउस खोला है। हाल ही में उन्होंने पाताल लोक और बुलबुल जैसी वेब सीरीज बनाई है। हाल ही में उन्हें मुंबई के एक स्टूडियो में एडवर्टाइजमेंट के लिए शूट करते हुए देखा गया था। अनुष्का शर्मा जल्द मां बनने वाली है। अनुष्का शर्मा और विराट कोहली की जोड़ी काफी पसंद की जाती हैं।

# राखी सावंत की शादी बन चुकी है ट्रेजेडी

एजेंसी

फिल्म अभिनेत्री राखी सावंत बिग बॉस 14 में नजर आने वाली हैस राखी ने हाल ही में कहा था कि वह दिवालिया हो चुकी है और उनकी शादी एक स्वांग साबित हो रही है एक इंटरव्यू में राखी सावंत ने कहा कि वह दिवालिया हो चुकी है और उन पर परिवार का बोझ भी है साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि उनकी शादी एक गलती थी। राखी सावंत कहती है, जीवन मेरे लिए बहुत कठिन रहा हैस मैंने शादी कर बहुत बड़ी गलती की है मैंने सोचा मैं एक अमीर आदमी से शादी करूंगी और संघर्ष से बाहर निकल जाऊंगी लेकिन मेरा निर्णय गलत साबित हुआ गौरतलब है कि राखी के पति की पहचान अभी तक गोपनीय बनी हुई है। राखी इस बारे में बताते हुए आगे कहती है, मेरा पति दुनिया के सामने नहीं आना चाहतास 1 वर्ष से ज्यादा हो गयास वह भारत नहीं आया है। वह यूके में है मेरी शादी एक बहुत बड़ी ट्रेजडी साबित हुई है जिसकी कहानी में बिग बॉस के घर के अंदर बताऊंगी। गौरतलब है कि बिग बॉस में विकास गुप्ता, कश्मीरा शाह, राहुल महाजन, अली खान और मनु पंजाबी बताओ चौलेंजर्स घर में दाखिल हुए हैं। वही बिग बॉस में एजाज खान, अभिनव शुक्ला, रुबीना दिलैक, जैस्मिन भसीन, निक्की तंबोली और अली गोनी भी है। राखी ने एक इंटरव्यू में कहा, श्मैंने जीना नहीं छोड़ा है। मैं जीते हुए अपना और काम करना चाहती हूं। मैं कई अन्य लोगों की तरह अवसाद में हूं। ऐसे कई लोग हैं जो डिप्रेशन में होने पर गलत कदम उठाते हैं। कुछ ने अपना जीवन समाप्त कर लिया है लेकिन मैंने ऐसा कभी नहीं किया है और न ही कभी करूंगी। भगवान ने मुझे जीवन दिया है और मुझे लगता है कि यह बहुत कीमती है। मुझे पता है कि पैसा हमेशा के लिए नहीं रहता है और मुझे अपनी प्रतिभा पर विश्वास है और मुझे पता है कि मैं अपनी प्रतिभा के कारण हर चीज को दुबारा पा सकती हूं। मुझे लगता है कि मेरे करियर में एकमात्र कमी शिक्षा की है। लोगों ने मुझे धोखा दिया है।



# उर्वशी रौटेला ने 25 लाख का गाउन पहनकर रेगिस्तान में कराया फोटोशूट

एजेंसी

फिल्म एक्ट्रेस उर्वशी रौटेला ने रेगिस्तान में फोटोशूट करवाया है उन्होंने दो गाउन पहनकर फोटोशूट करवाया है उनकी कीमत लाखों में बताई जा रही हैस उर्वशी रौटेला ने इन फोटो को सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा, आप सपनों को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं क्योंकि हमारे सपनों की मांग बहुत ज्यादा है। उर्वशी रौटेला नया फोटोशूट सोल नाम की एक मगजीन के लिए करवाया हैस इसमें वह काफी खूबसूरत नजर आ रही है सोल मैगजीन अरब वर्ल्ड की लोकप्रिय मगजीन है। तस्वीरों में उर्वशी रौटेला को रेगिस्तान में खड़े होकर फोटो के लिए पोज करते हुए देखा जा सकता है उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही है उनकी तस्वीरों के अलावा उर्वशी रौटेला की ड्रेस भी चर्चा में है। खबरों के अनुसार उर्वशी का ऑरेंज गाउन करीब 2500000 रुपए का है उन्होंने एक रेड गाउन में भी फोटो शूट करवाया है जिसकी कीमत भी इतनी ही बताई जा रही हैस उर्वशी रौटेला बॉलीवुड एक्ट्रेस हैं और कई फिल्मों में अहम भूमिका निभा चुकी है इसके पहले उर्वशी रौटेला ने अरब फैशन वीक में रैंप वॉक किया था और वह शो स्टॉपर बनी थी उर्वशी रौटेला ने नेहा कक्कड़ की शादी में करीब 55 लाख रुपए का गाउन पहना था। डिजाइनर मिसेल सिनेको ने उर्वशी के साथ काम करने के अनुभव को शेयर किया है उन्होंने कहा, उर्वशी रौटेला एक युवा बॉलीवुड सुपरस्टार हैं और अरब मध्य पूर्व की दुनिया में सबसे शक्तिशाली और प्रभावशाली नामों में से एक हैं। उर्वशी के साथ काम मैंने दूसरी बार किया है।




# निया शर्मा बिकिनी में तस्वीरें शेयर कर सोशल मीडिया पर छाई



एजेंसी

टीवी की बोल्ड एंड हॉट एक्ट्रेस निया शर्मा हमेशा ही अपनी तस्वीरों की वजह से सुर्खियों में रहती हैं। वह आए दिन निया अपनी बोल्ड तस्वीरों से फैंस के होश उड़ाती रहती हैं। निया न सिर्फ अपनी एक्टिंग बल्कि सोशल मीडिया पर भी जबरदस्त एक्टिव रहती हैं। 'नागिन और 'खतरों के खिलाड़ी शो फेम निया टीवी की दुनिया की बिकिनी बेब बनकर भी उभरी हैं। इसी बीच निया की कुछ हॉट बिकिनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर आग रही हैं। इन तस्वीरों को देख फैंस दीवाने हो रहे हैं। वहीं इसे लाइक करने के साथ ही इस पर फैंस कमेंट्रस कर एक्ट्रेस की जमकर तारीफ कर रहे हैं। निया शर्मा हाल ही में गोवा में अपनी छुट्टियां मनाने पहंची थीं। जहां से उन्होंने एक के बाद एक बीच से कई बिकिनी फोटोज शेयर की हैं। वहीं अब उन्होंने अपनी कुछ और हॉट तस्वीरें शेयर की हैं। इन फोटोज में वह ब्लैक कलर की बिकिनी में हॉट पोज देती नजर आ रही हैं। इन तस्वीरों में निया बिकिनी में समंदर किनारे रिलैक्स करती हुई नजर आ रही हैं। इन फोटोज को देखकर उनके फैंस दीवाने हो रहे हैं। निया की इन तस्वीरों पर जमकर लाइक्स बरस रहे हैं। एक्ट्रेस की इन तस्वीरों न सिर्फ फैंस बल्कि स्टार्स भी कमेंट्रस कर उनकी तारीफ कर रहे हैं। वहीं अर्जुन बिजलानी, माही विज, गीतांजलि टिकेकर, प्रिया बनर्जी से लेकर कई और सितारों ने निया की अदाओं की तारीफों के पुल बांधे हैं। वहीं हाल ही में निया शर्मा और रवि दुबे की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आई थीं। इन फोटोज को निया ने अपने इंस्टाग्राम एकाउंट से शेयर किया है, जिसे लाखों लोगों ने लाइक किया था। दोनों स्टार्स फोटो में बीच पर खड़े हुए दिखाई दे रहे हैं। निया और रवि दुबे की इन तस्वीरों पर न सिर्फ फैंस बल्कि सेलेब्स भी फिदा होते नजर आए थे। सभी दोनों की तारीफें करते नहीं थक रहे थे।

हिन्दी दैनिक
मरियम टाइम्स

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक कलीमउल्ला फ़ारूकी ने सांई प्रिंटिंग प्रेस , 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ (उत्तर प्रदेश) से छपवाकर 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित किया।

सम्पादकः
आसिया जैदी

मो0– 9838040912

e-mail:
mariyamtimes86@gmail.com

RNI No -
UPHIN/2015/63817

समाचार पत्र से सम्बन्धित समस्त प्रकार के विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ न्यायालय मान्य होगा।